दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ ///
वर्ष : 12 | अंक : 199 | टोंक | मंगलवार,24 मार्च, 2025 | चैत्र, कृष्ण पक्ष एकादशी संवत्-2081 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹ 4.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# विधानसभा में कोचिंग रेगुलेशन बिल अटका
## बीजेपी विधायकों ने किया था विरोध, सेलेक्ट कमेटी को सौंपा गया

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में कोचिंग रेगुलेशन बिल भी अटक गया है। बिल पर विरोध के चलते इसे सेलेक्ट कमेटी को सौंप दिया गया है। विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। कोचिंग रेगुलेशन बिल पर बहस के दौरान बीजेपी विधायकों ने ही इसके प्रावधानों का खुलकर विरोध किया। कालीचरण सराफ ने इस बिल को प्रवर समिति को भेजने की मांग की। सराफ ने कहा- यह बिल अगर मौजूदा स्वरूप में पारित हो गया तो यह कोचिंग संस्थान राजस्थान से बाहर शिफ्ट हो जाएंगे। हजारों शिक्षक बेरोजगार हो जाएंगे। 60 हजार करोड़ का कारोबार छोटे हो जाएगा। इस बिल से अफसरशाही हावी हो जाएगी।

सराफ ने कहा- इस बिल पर पहले कोचिंग संस्थानों, जनता, स्टूडेंट और शिक्षकों सब से बात होनी चाहिए। आपने स्टेट और जिला लेवल पर कमेटी बनाने का प्रावधान कर दिया। कलेक्टर 50 कमेटी का अध्यक्ष होता है वह जा नहीं सकता। कमेटी में कोई स्वंयसेवी संस्थाओं, ज्यूडिशियरी का भी व्यक्ति नहीं है। कमेटी में सरकारी अफसर है, लेकिन जनप्रतिनिधि नहीं है। इसमें ज्यूडिशियरी का प्रतिनिधि भी होना चाहिए। सराफ ने कहा- केंद्र ने गाइडलाइन दी थी कि इस तरह का सिस्टम विकसित हो कि कोई बच्चा 2 दिन गैरहाजिर रहता है तो उसकी सूचना उसके माता-पिता को दी जानी चाहिए, वह प्रावधान इस बिल से गायब है। इस विधेयक को जल्दबाजी में पारित मत कीजिए।

कोचिंग रेगुलेशन बिल पर बहस के दौरान बीजेपी विधायक कालीचरण सराफ ने इसके प्रावधानों का खुलकर विरोध किया। सराफ ने इस बिल को प्रवर समिति को भेजने की मांग की।

सराफ ने कहा- यह बिल अगर मौजूदा स्वरूप में पारित हो गया तो यह कोचिंग संस्थान राजस्थान से बाहर शिफ्ट हो जाएंगे। हजारों शिक्षक बेरोजगार हो जाएंगे। 60 हजार करोड़ का कारोबार छोटे हो जाएगा। इस बिल से अफसरशाही हावी हो जाएगी। सराफ ने कहा- इस बिल पर पहले कोचिंग संस्थानों, जनता, स्टूडेंट और शिक्षकों सब से बात होनी चाहिए। आपने स्टेट और जिला लेवल पर कमेटी बनाने का प्रावधान कर दिया।

### राजस्थान में 45 कानून खत्म

उधर, विधानसभा में बहस के बाद राजस्थान विधियां निरसन विधेयक पारित किया गया। इस बिल में पुराने 45 कानून खत्म करने का प्रावधान है। इनमें 37 कानून तो पंचायती राज से जुड़े हैं। अब प्रदेश में 45 गैर-जरूरी और पुराने हो चुके कानून खत्म हो जाएंगे। इनमें बीकानेर स्टेट डिस्ट्रिक्ट बोर्ड अमेंडमेंट एक्ट 1952, बीकानेर म्यूनिसिपल अमेंडमेंट एक्ट 1952 जैसे पुराने कानून खत्म किए जाएंगे।

### राणा सांगा को गद्दार कहने का मुद्दा विधानसभा गूंजा

इससे पहले समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन के राणा सांगा को गद्दार कहने का मुद्दा राजस्थान विधानसभा में उठा। बीजेपी विधायक श्रीचंद कृपलानी ने पॉइंट ऑफ इंफॉर्मेशन के जरिए राणा सांगा को गद्दार कहने का मामला उठाते हुए पूरे मामले में कार्रवाई की मांग की। इस पर कांग्रेस विधायक हरिमोहन शर्मा ने कहा- सदन में इस पर चर्चा नहीं हो सकती। हरिमोहन शर्मा के इतना कहते ही बीजेपी विधायकों ने कड़ी आपत्ति की। इस पर बीजेपी विधायकों ने कहा- राणा सांगा के अपमान पर चर्चा क्यों नहीं हो सकती? कई बीजेपी विधायक जोर-जोर से बोलने लगे, इससे सदन में हंगामे की स्थिति बन गई। सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा- कांग्रेस विधायक दल रामजीलाल सुमन के साथ खड़ा है, राणा सांगा का अपमान करने वाले के साथ खड़ा है, शर्म आनी चाहिए।



# कूनो से बाहर निकले 5 चीते, ग्रामीणों ने पत्थर मारे
## गाय पर झपटे तो लाठी मारने दौड़े लोग

बढ़ता राजस्थान

**श्योपुर।** कूनो नेशनल पार्क से बाहर निकले 5 चीतों पर ग्रामीणों ने लाठी-डंडों और पत्थरों से हमला कर दिया। घटना का वीडियो भी सामने आया है। हालांकि, मौके पर मौजूद वन विभाग की रेस्क्यू टीम ग्रामीणों से चीतों से दूर रहने कहती रही, लेकिन वे नहीं माने। घटना सोमवार सुबह की है। दरअसल, एक महीने पहले खुले जंगल में छोड़ी गई मादा चीता ज्वाला और उसके 4 शावक शनिवार शाम को पहली बार पार्क की सीमा से बाहर आ गए थे। चीते रविवार को दोपहर बाद फिर कूनो के जंगल की ओर लौट गए थे। रविवार रात को ये चीते वीरपुर तहसील के ग्राम श्यामपुर के पास देखे गए। वे निर्माणाधीन श्योपुर-ग्वालियर ब्रॉडगेज रेल ट्रैक से करीब 1 किलोमीटर की दूरी पर थे।

सोमवार सुबह ये पांचों चीते कूनो सायफन के पास से होते हुए कूनो नदी में पहुंचे। वे निर्माणाधीन रेलवे पुल के नीचे काफी देर तक बैठे रहे। इस दौरान कूनो सायफन से गुजरने वाले राहगीरों की भीड़ चीतों को देखने के लिए जमा हो गई।

मादा चीता और शावक एक-एक कर रास्ता पार कर रहे थे, तभी उन्होंने गाय पर झपट्टा मारा।




विधानसभा में राष्ट्रपति बोलीं- छत्तीसगढ़ से मुझे लगाव

# 5-6 बार आई, यहां के लोग अच्छे, इसलिए छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया कहते हैं : मुर्मू



**रायपुर (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा छत्तीसगढ़ से मुझे लगाव है। मैं 5-6 बार यहां आ चुकी हूं। यहां के लोग बहुत अच्छे हैं। इसलिए छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया कहते हैं। आप जैसे बरगढ़, संबलपुर को छत्तीसगढ़ का हिस्सा समझते हैं, हम भी रायपुर को ओडिशा का हिस्सा समझते हैं। राष्ट्रपति बोलीं, परिसीमन की सीमा है, लेकिन दिल की कोई दीवार नहीं है। दिल से हम सब एक। चाहे छत्तीसगढ़ हो या ओडिशा हो। राष्ट्रपति ने ये बातें विधानसभा के रजत जयंती कार्यक्रम के मौके पर कही। इससे पहले उन्होंने जय जोहार कहकर अपने भाषण की शुरुआत की थी। इससे पहले स्पीकर रमन सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में टोनही प्रताड़ना, खाद्य सुरक्षा सहित अब तक 565 विधेयक पारित हो चुके हैं। विधानसभा में सदस्यों की संख्या 90 है। इनमें अनुसूचित जनजाति के 30, अनुसूचित जाति के 10, ओबीसी के 35 सदस्य, सामान्य वर्ग के 15 और महिला सदस्यों की संख्या 19 है।

### राष्ट्रपति के भाषण की बड़ी बातें

छत्तीसगढ़ से मुझे बहुत लगाव है। मैं यहां कई बार आ चुकी हूं। यहां के लोग काफी अच्छे हैं इसलिए छत्तीसगढ़िया सबसे बढ़िया कहते हैं। आप जैसे बरगढ़, संबलपुर को छत्तीसगढ़ का हिस्सा समझते हैं, हम भी रायपुर को ओडिशा का हिस्सा समझते हैं। परिसीमन की सीमा है, लेकिन दिल की कोई दीवार नहीं है। दिल से हम सब एक। चाहे छत्तीसगढ़ हो या ओडिशा हो। जगन्नाथ सिर्फ ओडिशा के नहीं है। विश्व के हैं, छत्तीसगढ़ के हैं। मंदिर में जो 56 कोटि का चावल पकता है, वो छत्तीसगढ़ कहा है। जिसके प्रसाद को पूरा विश्व खाता है।

250 साल पहले गुरु घासीदास ने समाज सुधार का संकल्प लिया था उसे आज आप सबको सिद्ध करना है। श्रेष्ठ छत्तीसगढ़ का निर्माण करना है। छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का खात्मा अंतिम चरण पर है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लोग विकास के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहते हैं।

# राजस्थान की पहचान स्वच्छ-ग्रामीण प्रदेश के रूप में हो : मदन दिलावर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राज्य सरकार की ओर से प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में स्वच्छता के लिए पुरजोर प्रयास किए जा रहे हैं। यह पहली बार है, जब प्रदेश सरकार की ओर से शहरी इलाकों की तरह गांवों में भी सफाई के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं।

पंचायती राज मंत्री दिलावर ने सोमवार को कहा- राज्य सरकार की मंशा है कि आने वाले एक साल में राजस्थान की पहचान पूरे देश में स्वच्छ ग्रामीण प्रदेश के रूप में हो। स्वच्छ प्रदेश के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में लगातार हम लगातार प्रयासर कर रहे हैं। पंचायती राज मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया- राज्य वित्त आयोग एवं केंद्र वित्त आयोग से प्राप्त होने वाली राशि में से 30:40 के अनुपात में स्वच्छता पर व्यय किए जाने का प्रावधान है। इस तरह से साफ-सफाई के लिए औसतन लगभग 10 लाख रुपए प्रति पंचायत उपलब्ध कराए जाते हैं।

**साफ-सफाई के लिए औसतन लगभग 10 लाख रुपए प्रति पंचायत उपलब्ध कराए जाते हैं**



इस राशि से गांवों में प्रतिदिन सड़क एवं नालियों की सफाई एवं वाहन द्वारा घर घर कचरा संग्रहण किए जाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा- किसी क्षेत्र विशेष की जनसंख्या अधिक होने की स्थिति में 30 प्रतिशत राशि स्वच्छ भारत मिशन से व्यय की जा सकती है। साफ सफाई के कार्यों के बाद शेष रही राशि से गांवों में नाली निर्माण, पेयजल एवं अन्य विकास संबंधी कार्यों पर व्यय किया जाता है।

# सोने-चांदी के भाव स्थिर
## शुद्ध सोना 90,300 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी 1 लाख रुपए किलो पर कायम

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** जयपुर सर्राफा मार्केट में सोमवार को सोने और चांदी के भावों में स्थिरता देखी गई। शुद्ध सोने का भाव 90,300 रुपए प्रति दस ग्राम पर स्थिर है। जेवराती सोना 84,600 रुपए प्रति दस ग्राम पर कायम है।

चांदी का भाव 1,00,000 रुपए प्रति किलो बना हुआ है। पिछले दो दिनों में चांदी के भाव में 2,400 रुपए की गिरावट आई है। विशेषज्ञों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर सोने और चांदी की मांग में कमी आई है।

उल्लेखनीय है कि 1 जनवरी 2020 से अब तक सोने में 12,000 रुपए और चांदी में 10,500 रुपए की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बाजार में सोने-चांदी के गहनों की मांग इस समय कम है। सोना अपने उच्चतम स्तर 90 हजार रुपए तक पहुंच चुका है। चांदी भी कई दिनों से एक लाख रुपए के स्तर को पार किए हुए है।

# 2 आईएएस अफसरों की सजा पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट से राज्य सरकार के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी प्रवीण गुप्ता और भास्कर ए सावंत को बड़ी राहत मिली है। जस्टिस सुदेश बंसल की अदालत ने दोनों अधिकारियों को कॉमर्शियल कोर्ट द्वारा सुनाई गई तीन-तीन माह के कारावास पर रोक लगा दी है। साथ ही कॉमर्शियल कोर्ट की अग्रिम कार्रवाई पर भी रोक का आदेश दिया है। सोमवार को दोनों अधिकारियों की ओर से महाधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद कोर्ट में पेश हुए। राजेंद्र प्रसाद ने पीडब्ल्यूडी से जुड़े मामले को लेकर कहा- हम संबंधित कंपनी को भुगतान करने की प्रक्रिया शुरू कर रहे हैं।






## सम्पादकीय

# हमारी सोच से आगे महिलाएं वैचारिकता बदलनें की दरकार

निश्चित तौर पर भारत में महिलाओं की मुक्ति तथा सशक्तिकरण का प्रश्न स्वतंत्रता एवं भारत की मुक्ति के साथ अनिवार्य रूप से जुड़ गया हैद्यनिश्चित तौर पर हर रात की सुबह होती है, और सुबह चमकदार और उजाले से भरपूर होती हैद्य स्वतंत्र काल से जुड़ी हुई महिला सशक्तिकरण की यात्रा आज तक अनवरत जारी हैद्य अब महिलाओं को कमजोर या असक्त समझने की भूल मत करिए और अपने विचारों को नयेपन की खिड़की से ताजी हवा दीजिए, महिलाओं को सुविधाएं मिले या ना मिले अधिकार मिले या ना मिले वे अपने प्रयासों से समाज में धीरे-धीरे अपना अहम स्थान बनाते जा रही हैं। आज भी महिलाएं सामाजिक राजनीतिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक सभी मोर्चों और सवालों पर पुरुषों के समकक्ष संघर्ष करती नजर आ रही हैद्य आज राष्ट्र निर्माण में नारी अपनी भूमिका से न केवल परिचित है बल्कि उसकी गंभीर जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए भी तत्पर व सक्षम हैद्य वर्तमान में भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक हैद्य भारत विकास की दर आज बड़ी से बड़ी वैश्विक शक्ति से टक्कर लेने की जद पर हैद्य विकास की गाथा में देश की आधी आबादी यानी महिलाओं की भूमिका बढ़ती जा रही हैद्य अनेक सामाजिक आर्थिक विसंगतियों के बावजूद आज हर मोर्चे पर महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होती दिखाई दे रही हैद्य यह आत्मविश्वास उन्हें सदियों के संघर्ष के बाद हासिल हुआ है, प्राचीन काल में अपाला तथा गोसा जैसी विदुषी महिलाओं ने अपनी कीर्ति पताका फैलाई थी, भारतीय समाज में उन्हें सम्मान और बराबरी का दर्जा दिया गया है ,परंतु मध्यकाल में भारत अपनी संकुचित एवं संकट दृष्टि का शिकार हो गया था महिलाओं को घर की चारदीवारी में क्या होना पड़ा थाद्य इसी के साथ कैद हो गई थी उनकी योग्यता,ऊर्जा,शक्ति, आकांक्षाएं और व्यक्तित्व विकास की संभावनाएंद्य भारत एवं भारत के बाहर विदेशों में भारतीय मूल की ऐसे सैकड़ों महिलाएं हैं जिन्होंने भारत देश का नाम रोशन किया है उनके नाम की सूची बड़ी लंबी है उनका उल्लेख न करते हुए समग्र रूप से उनका नमन करते हुए यह बताना चाहूंगा कि महिलाएं निरंतर उच्च पदों पर आसीन हो रही है इन सब के साथ सबसे पुराने बजट तथा घर के अर्थशास्त्र को संभालने की भूमिका का भी कुशलतापूर्वक सदियों से प्रबंधन करती आ रही हैद्य इसके साथ ही वे अपनी शैक्षणिक योग्यता में निरंतर सुधार कर रही है जनसंख्या गणना के आंकड़े भी इसकी पुष्टि करते हैं, महिलाएं जहां शिक्षा, प्रशासन,मेडिकल क्षेत्र, इंजीनियरिंग, स्पेस रिसर्च, विज्ञान टेक्नोलॉजी और उद्यानिकी ,एग्रीकल्चर, सेरीकल्चर और तमाम क्षेत्रों में असाधारण रूप से शिक्षा प्राप्त कर प्रगति कर रही और उच्च पदस्थ होकर कार्यों का कुशलता से संपादन कर रही हैंद्य सामाजिक कुरीतियों के विरोध में समाज को आगाह करने और उसका विरोध करने में भी महिलाएं पीछे नहीं है, फिर चाहे वह शनि सिंगनापुर हाजी अली दरगाह या तीन तलाक के मामले में इनकी सजगता ने सामाजिक परिवर्तन लाया है। सरकार भी इनकी इस भूमिका को स्वीकार करते हुए थल जल और वायु सेना में युद्धक की भूमिका मैं इनकी नियुक्ति कर रही है। हम यदि राजनीतिक क्षेत्र की चर्चा करें तो पंचायती स्तरों पर महिला प्रधानों ने गंभीर परिवर्तन के प्रयास किए, किंतु हमें यहां हमेशा स्मरण रखना चाहिए की देश के आर्थिक विकास में अभी भी महिलाओं को वह भागीदारी व सम्मान नहीं मिल पा रहा है जिसके लिए वह पूर्णरूपेण हकदार है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया की श्रम बल भागीदारी में महिलाओं की भागीदारी 25त्न से भी कम हो गई है। महिलाओं को अनेक सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक एवं मनोवैज्ञानिक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन की रिपोर्ट के अनुसार महिलाओं को समान पदों पर कार्यरत पुरुषों की तुलना में कम वेतन दिया जाता है तथा अधिकांश शीर्ष पदों पर पुरुषों का कब्जा है के अलावा दुनिया की सबसे कम तनखा वाली नौकरियों में 60% महिलाएं ही हैं।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 25 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- इटली में वेनिस शहर की 421 में स्थापना हुयी।
- रॉबर्ट ब्रूस को 1306 में स्कॉटलैंड का नया राजा बनाया गया।
- अमेरिका में 1668 में पहली बार घुड़दौड़ का आयोजन।
- इंग्लैंड, नीदरलैंड और फ्रांस ने 1700 में दूसरी उन्मूलन समझौते पर हस्ताक्षर की।
- समाचारपत्र 'कलकत्ता गैजेट' में 1788 में भारतीय भाषा बांग्ला का पहला विज्ञापन प्रकाशित।
- इंग्लैंड में 1807 में सबसे पहले रेलवे यात्री सेवा की शुरुआत हुयी।
- ब्रिटिश की संसद ने 1807 में दास व्यापार समाप्त कर दिया।
- नीदरलैंड बैंक की 1814 में स्थापना।
- ग्रीस ने 1821 में तुर्की से स्वतंत्रता हासिल की।
- विश्व के सबसे आधुनिक समुद्र विज्ञान अनुसंधान पोत 'सागर केन्या' का 1883 में जलावतरण।
- यूनान की राजधानी एथेंस में 1896 में आधुनिक ओलंपिक खेलों की शुरूआत।
- अमेरिका के मार्शल टाउन के पास राक आइलैंड ट्रेन 1901 में पटरी से उतर जाने से लगभग 60 लोगों की मौत।
- ग्रीक ने 1924 में अपने गणतंत्र बनने की घोषणा की।
- सऊदी अरब के शासक शाह फैसल की उनके ही भतीजे राजकुमार फैसल बिन मुसाद ने 1975 में हत्या कर दी।
- दक्षेस (सार्क) देशों का स्थायी सचिवालय 1987 में नेपाल की राजधानी काठमांडू में खोला गया।
- नासा ने 1988 में अंतरिक्ष यान एस 206 का प्रक्षेपण किया।
- विख्यात मुक्केबाज माइक टायसन 1995 में तीन साल की कैद के बाद जेल से रिहा।
- इराक का फरात पुल और सद्दाम नहर पर 2003 में कब्ज़ा।
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने 2005 में सूडान के लिए शांति सेना की मंजूरी दी।
- टीम इंडिया 2007 में विश्वकप क्रिकेट से बाहर।
- राजस्थान के बीकानेर की तनुश्री पारीक ने 2017 में देश की पहली सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की महिला अधिकारी बनकर देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया।

### 25 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- 1838 में भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के अध्यक्ष विलियम वेडरबर्न का जन्म हुआ।
- 1905 में प्रसिद्ध भारतीय राजनेता मिर्जा राशिद अली बेग का जन्म हुआ।
- 1948 में बॉलीवुड के मशहूर कलाकार फारुख शेख का जन्म हुआ।
- 1943 में भारतीय कवि तेज राम शर्मा का जन्म हुआ।

### 25 मार्च को हुए निधन

- सन 1931 में आज ही के दिन प्रसिद्ध समाज-सेवी, कुशल राजनीतिज्ञ और स्वतंत्रता सेनानी गणेशशंकर विद्यार्थी का निधन।

## विशेष आलेख

# जस्टिस वर्मा का प्रकरण और न्यायपालिका की साख



– रामस्वरूप रावतसरे

**सीजेआई ने दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से हाई कोर्ट रजिस्ट्री के आधिकारिक कर्मचारियों, निजी सुरक्षा अधिकारियों और पिछले छह महीनों के दौरान न्यायमूर्ति वर्मा के आवास पर तैनात सुरक्षा गार्डों का विवरण पता लगाने के लिए भी कहा था। पिछले छह महीनों के लिए जस्टिस यशवंत वर्मा के आधिकारिक या अन्य मोबाइल फोन नंबरों के कॉल रिकॉर्ड डिटेल उपलब्ध कराने के लिए मोबाइल सेवा प्रदाता(ओं) को अनुरोध पत्र भेजा जा सकता है।**

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाई कोर्ट के वर्तमान जज जस्टिस यशवंत वर्मा के आधिकारिक आवास पर बेहिसाब नकदी मिलने के आरोपों से संबंधित रिपोर्ट, फोटो और वीडियो अपलोड किए। यह अपनी तरह का पहला और दुर्लभ मामला है। सुप्रीम कोर्ट की की वेबसाइट पर उपलब्ध सामग्री में आंतरिक जांच के निष्कर्ष और आरोपों से इनकार करते हुए जस्टिस वर्मा की विस्तृत कार्रवाई का खुलासा किया गया है। इससे पहले दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा ने सीजेआई संजीव खन्ना और दिल्ली हाईकोर्ट के चीफजस्टिस डी के उपाध्याय के साथ एक वीडियो साझा किया था। इसमें 14 मार्च को जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर जली हुई नकदी का कथित तौर पर खुलासा किया गया था। अब ऐसा लगता है कि दिल्ली एचसी के मौजूदा जज के खिलाफ गहन जांच के लिए मामला तय हो गया है। इससे पहले जस्टिस वर्मा ने, तस्वीर वाले सबूतों के बावजूद खुद को निर्दोष बताया था। साथ ही उन्होंने खुद के फंसाए जाने का आरोप लगाया था। सीजेआई खन्ना ने दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस से तीन सवालों पर जस्टिस वर्मा से जवाब मांगने को कहा। इसमें पहला सवाल है कि वह (जस्टिस वर्मा) अपने परिसर में स्थित कमरे में पैसे/नकदी की मौजूदगी का कैसे हिसाब देते हैं। दूसरा उक्त कमरे में मिले पैसे/नकदी के स्रोत की व्याख्या करें। तीसरा सवाल है कि वह व्यक्ति कौन है जिसने 15 मार्च, 2025 की सुबह कमरे से जले हुए पैसे/नकदी को निकाला था?

सीजेआई ने जस्टिस उपाध्याय से जस्टिस वर्मा को ''अपने मोबाइल फोन को डिस्पोज न करने या अपने मोबाइल फोन से किसी भी बातचीत, संदेश या डेटा को डिलीट या मॉडिफाई न करने'' की सलाह देने के लिए भी कहा बताया। जवाब में, दिल्ली एचसी के चीफजस्टिस ने लिखा कि कॉल डिटेल रिकॉर्ड प्राप्त हो गया है और इसे इस पत्र के साथ एक पेन ड्राइव में भेजा जा रहा है। आईपीडीआर के संबंध में, जैसे ही यह दिल्ली के पुलिस कमिश्नर/मोबाइल सर्विस प्रोवाइडर से प्राप्त होगा, आपको तुरंत उपलब्ध करा दिया जाएगा। दिल्ली हाई कोर्ट के जज यशवंत वर्मा के बंगले पर होली के दिन कथित तौर पर मिली नकदी के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने तेजी से कार्रवाई की है। जस्टिस वर्मा दिल्ली हाई कोर्ट के जजों में दूसरे सबसे वरिष्ठ हैं। सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें इलाहाबाद हाई कोर्ट में वापस भेजने का प्रस्ताव रखा है। हालांकि शुक्रवार को जारी एक प्रेस नोट में सुप्रीम कोर्ट ने इस ट्रांसफर को मामले से अलग बताया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है, ''ट्रांसफर का प्रस्ताव इन-हाउस जांच प्रक्रिया से अलग है।'' जानकारी के अनुसार दिल्ली हाई कोर्ट के चीफजस्टिस ने इस मामले में पहली जांच पूरी कर ली है। उनकी रिपोर्ट सीजेआई खन्ना तक पहुंच गई है। सीजेआई खन्ना इस पर फैसला लेंगे, अगर रिपोर्ट में आरोपों का समर्थन किया जाता है, तो जस्टिस वर्मा को इस्तीफा देने के लिए कहा जा सकता है या फिर वे जांच पैनल का सामना कर सकते हैं।

जानकारों की माने तो इस मामले का महत्व बहुत ज्यादा है। ऐसे समय में जब लोगों का अन्य सरकारी संस्थाओं से विश्वास उठ गया है, न्यायपालिका को बिल्कुल साफ-सुथरा दिखने की जरूरत है। पिछले कुछ दशकों में, न्यायपालिका से जुड़े कई मामले सामने आए हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट के जज सौमित्र सेन ने संसद में उनके खिलाफ महाभियोग की प्रक्रिया के दौरान ही इस्तीफा दे दिया था। उन पर धन के दुरुपयोग का आरोप था। दिल्ली एचसी के जज शामित मुखर्जी ने रिश्वत लेने के आरोप लगने के बाद इस्तीफा दे दिया था। सिक्किम हाई कोर्ट के चीफजस्टिस पीडी दिनाकरण ने भी भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद इस्तीफा दे दिया था। इसी प्रकार पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट की जज निर्मल यादव के खिलाफ भी एक मामला सामने आया था। उनके दरवाजे पर नकदी मिली थी। यह मामला 2008 में तब सामने आया जब 15 लाख रुपये की राशि गलती से उनकी हमनाम, जस्टिस निर्मलजीत कौर के घर पर पहुंचा दी गई थी। 2009 में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस यादव को क्लीन चिट दे दी थी। उनका ट्रांसफर उत्तराखंड हाई कोर्ट में कर दिया गया था, जहां से वे मार्च 2011 में रिटायर हो गईं। लेकिन सीबीआई ने उनकी सेवा के अंतिम दिन उन पर चार्ज शीट दाखिल की। यह मामला अभी भी चल रहा है। जस्टिस यादव की बेगुनाही अभी तक साबित नहीं हुई है। इसलिए बिना दोषमुक्त किए ट्रांसफर करना एक अच्छा विचार नहीं है। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर इन-हाउस जांच से अलग है। लेकिन अतीत में ऐसे मामले सामने आए हैं जहां जजों को आरोपों के बाद ट्रांसफर कर दिया गया था, लेकिन उन्हें कभी भी दोषमुक्त नहीं किया गया। इससे न्यायपालिका की छवि खराब होती है। सुप्रीम कोर्ट को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जस्टिस वर्मा के मामले में निष्पक्ष जांच हो और सच्चाई सामने आए। लोगों का न्यायपालिका पर बहुत अधिक विश्वास है। न्यायपालिका को इस विश्वास को बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। अगर न्यायपालिका में भ्रष्टाचार होता है, तो इससे लोगों का लोकतंत्र से विश्वास उठ जाएगा। इसलिए सुप्रीम कोर्ट को भ्रष्टाचार के आरोपों को गंभीरता से लेना चाहिए और दोषियों को सजा देनी चाहिए।

# अस्पतालों में बिना जरूरत के बढ़ते सीजेरियन



– प्रियंका सौरभ

**यह सच है कि कुछ निजी अस्पताल अधिक मुनाफ़े के लिए अनावश्यक सीज़ेरियन कर रहे हैं, लेकिन सभी को दोषी ठहराना उचित नहीं होगा। समाधान के लिए महिलाओं की जागरूकता, डॉक्टरों की नैतिक ज़िम्मेदारी और सरकारी नियमों की ज़रूरत है। कुछ सवाल है जिनके जवाब सबको मिलकर ढूँढने ज़रूरी है? क्या यह महिलाओं की ज़रूरत के हिसाब से बढ़ा है या अस्पतालों की कमाई का ज़रिया बन गया है? क्या डॉक्टर्स अपनी सुविधा के लिए बिना ज़रूरत सीज़ेरियन कर रहे हैं? क्या महिलाएँ ख़ुद सीज़ेरियन को प्राथमिकता दे रही हैं, क्योंकि वे दर्द से बचना चाहती हैं? क्या महिलाओं को बिना उनके विकल्पों की सही जानकारी दिए सीज़ेरियन के लिए प्रेरित किया जाता है? सीज़ेरियन अपने आप में ग़लत नहीं है, लेकिन जब यह व्यावसायिक फायदे के लिए या बिना ठोस मेडिकल वज़ह के किया जाता है, तब यह चिंता का विषय बन जाता है। सही जागरूकता और जिम्मेदारी से इसका उपयोग होना चाहिए।**

क्या आपको मालूम है कि सिजेरियन डिलीवरी, या सी-सेक्शन, दुनिया में सबसे अधिक की जाने वाली सर्जरी है? सीज़ेरियन सेक्शन बनाम नार्मल डिलीवरी का विषय काफ़ी चर्चा में रहता है, खासकर तब जब इसका ज़रूरत से ज़्यादा उपयोग होने लगे। कुछ लोग इसे एक बिज़नेस मॉडल मानते हैं, तो कुछ इसे मेडिकल साइंस की उपलब्धि के रूप में देखते हैं। सीज़ेरियन सेक्शन एक सर्जिकल प्रक्रिया है, जो तब की जाती है जब सामान्य (नार्मल) डिलीवरी संभव न हो या माँ और बच्चे के स्वास्थ्य के लिए जोखिम हो। लेकिन आजकल कई जगहों पर यह मेडिकल ज़रूरत से ज़्यादा किया जा रहा है, खासकर निजी अस्पतालों में, जहाँ इसे जल्दी और सुविधाजनक समाधान के रूप में देखा जाता है। सीज़ेरियन अपने आप में ग़लत नहीं है, लेकिन जब यह व्यावसायिक फायदे के लिए या बिना ठोस मेडिकल वज़ह के किया जाता है, तब यह चिंता का विषय बन जाता है। सही जागरूकता और जिम्मेदारी से इसका उपयोग होना चाहिए। पिछले कुछ सालों में भारत सहित कई देशों में सीज़ेरियन की दर तेजी से बढ़ी है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, केवल 10-15त्न मामलों में सीज़ेरियन आवश्यक होता है, लेकिन कई देशों में यह दर 50त्न या उससे अधिक हो चुकी है। भारत में कई निजी अस्पतालों में यह दर 50-80त्न तक देखी गई है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के निजी अस्पतालों में सीज़ेरियन डिलीवरी की दर 40-50त्न तक पाई गई, जबकि सरकारी अस्पतालों में यह लगभग 20-25त्न थी। स्वास्थ्य बीमा योजना और जननी-शिशु सुरक्षा कार्यक्रम जैसी योजनाओं में बिना आवश्यकता के मरीजों की सर्जरी कर दी जाती है, क्योंकि ऐसी योजनाओं में या तो प्रोत्साहन राशि मिलती है, या फिर बीमा कंपनी को लाभ होता है। इनमें सिजेरियन, हार्निया, गॉलब्लेडर, अपेंडिक्स आदि से सम्बंधित मामले अधिक हैं। यह दुखद है, क्योंकि ऐसे मामलों में सबसे ज़्यादा शोषण गर्भवती महिलाओं का होता है। सीज़ेरियन डिलीवरी का ख़र्च सामान्य डिलीवरी से 2-5 गुना अधिक होता है, जिससे अस्पतालों को अधिक मुनाफा होता है। नार्मल डिलीवरी में घंटों का समय लग सकता है, जबकि सीज़ेरियन एक तय समय में पूरा किया जा सकता है, जिससे अस्पतालों और डॉक्टरों को कम समय में अधिक डिलीवरी करने का मौका मिलता है। कुछ डॉक्टर निजी अस्पतालों में अपनी सुविधा के अनुसार डिलीवरी शेड्यूल करना पसंद करते हैं। कुछ महिलाओं को लेबर पेन का इतना डर होता है कि वे खुद सीज़ेरियन करवाने के लिए तैयार हो जाती हैं। कई बार मरीजों को डराकर यह बताया जाता है कि बच्चा खतरे में है, जिससे वे सीज़ेरियन के लिए मजबूर हो जाती हैं। कई मामलों में सीज़ेरियन ज़रूरी होता है, जैसे- बच्चे की पोज़िशन सही न हो, जैसे ब्रीच पोज़िशन। डिलीवरी के दौरान जटिलताएँ हो जाएँ, जैसे प्लेसेंटा प्रीविया, गर्भनाल का फँसना। माँ को गंभीर

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम की स्टार हैं तेज तर्रार एस.पी जयेष्ठा मैत्रयी जोकि इस समय भिवाड़ी पुलिस कप्तान के पद को सुशोभित कर रही हैं। 24 दिसम्बर सन 1991 को मध्य प्रदेश में जन्मी जयेष्ठा बहुत ही महत्वकांशी और ऊर्जावान अधिकारी हैं। इस समय वे पुलिस अधीक्षक, भिवाडी के पद पर हैं और अपराधियों में भय व आमजन में विश्वास बनाए हुए हैं। इससे पूर्व ये पुलिस अधीक्षक, कोटपूतली- बहरोड़ । पुलिस उपायुक्त, क्राइम पुलिस आयुक्तालय, जयपुर। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, भीलवाडा। सहायक पुलिस अधीक्षक अंडर ट्रेनिग अलवर। सहायक पुलिस अधीक्षक, वृत्त गिर्वा, जिला उदयपुर। प्रशिक्षणाधीन एसयूपीएनपीए, हैदराबाद रही हैं। इसके साथ ही खैरथल तिजारा जिले के एसपी पद को अतिरिक्त कार्यभार के रूप में संभाला। फोन ट्रेस मामले में इन्होंने अपनी ही पुलिस का खुलासा करवाया और एक इंस्पेक्टर साहित सात पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाही करते हुए उन्हें सस्पेंड करवाया। इससे पूर्व जयेष्ठा मध्य प्रदेश पुलिस में डिप्टी एसपी थी। 2017 में यूपीएससी पास कर राजस्थान कैडर में आई थी। पिता एमपी में व्यापम में कार्यरत हैं मां प्रिंसिपल हैं जेपी इंस्टीट्युट से इंजिनियरिंग करने के बाद सिविल सर्विसेज में अपना जौहर दिखाया और आईपीएस बन गई। अलवर अंडर ट्रेनिंग के दौरान थाना सदर में शानदार भूमिका निभाते हुए अपराधियों के हौसलों को चकनाचूर किया। है। ज्येष्ठा मैत्रयी बतौर सीओ मध्य प्रदेश के मुरैना जिले में डीएसपी भी रहीं। डीएसपी रहते हुए यूपीएससी की तैयारी की। ज्येठा मैत्रयी ने यूपीएससी में ऑल इंडिया रैंक 156 हासिल की थी। आईपीएस ज्येष्ठा मैत्रयी के पिता गिरिश चंद आर्य एमबीईबी में पोस्टेड हैं जबकि मां मंजू शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल गुना में प्राचार्य हैं।



सुश्री जयेष्ठा मैत्रयी
(एसपी भिवाड़ी)

शानदार व तेज तर्रार आईपीएस अधिकारी के रूप में जयेष्ठा मैत्रयी को राजस्थान पुलिस में जाना जाता है। यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्ष 2017 पास करने से पहले ज्येष्ठा ने साल 2014 में एमपीपीएससी की परीक्षा पास करके मध्य प्रदेश में डीएसपी बनी थीं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्वल भविष्य की कामना करती ।

रूपक शर्मा

## 2025_079 a – बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 3 | | 2 | |
| 5 | 4 | 8 | 7 | | | | | 3 |
| | 3 | | 4 | 9 | | 1 | | 7 |
| | | 6 | 1 | | | | | 2 |
| | 8 | 9 | | 4 | 6 | 7 | | 5 |
| | | 4 | 2 | 7 | | | 8 | 9 |
| | 7 | | | | | | 9 | 6 |
| 9 | | | 5 | | | | | |
| | | | 9 | | | | 7 | |

**Ans_2025_078**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 9 | 1 | 6 | 5 | 4 | 7 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 9 | 4 | 7 | 6 | 2 | 8 |
| 7 | 6 | 4 | 8 | 3 | 2 | 5 | 1 | 9 |
| 2 | 9 | 8 | 3 | 1 | 6 | 7 | 5 | 4 |
| 1 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 3 | 6 | 2 |
| 5 | 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 8 | 9 | 1 |
| 4 | 7 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 8 | 5 |
| 9 | 8 | 1 | 7 | 5 | 3 | 2 | 4 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
व्यापार को बढ़ाने की कोई नीति आज काम नहीं करेगी। आज का दिन चिंता और उद्वेग से परिपूर्ण होगा। पेट की गड़बड़ी से स्वास्थ्य खराब होगा। विद्यार्थियों की पढ़ाई में अवरोध आएगा। बौद्धिक चर्चाएं और समझौते में असफलता मिलेगी।

**वृष**
पारिवारिक सदस्यों के साथ गलतफहमी टालने का प्रयास करें। दूर बसने वाले मित्र या स्नेहियों से मुलाकात होगी। ये आपके लिए लाभदायक साबित होंगे। धार्मिक कार्य और पूजा पाठ होंगे। गृहस्थ जीवन में आनंदमय वातावरण रहेगा।

**मिथुन**
अत्यधिक खर्च से आर्थिक तंगी का अनुभव होगा। पारिवारिक सदस्य और ऑफिस में सहकर्मियों के साथ मनमुटाव या विवाद के प्रसंग हो सकता है। इस कारण मन खिन्न होगा। नई चिकित्सा और ऑपरेशन न कराना उचित होगा।

**कर्क**
नए काम की शुरुआत भी कर सकते हैं। भाई-बंधुओं का व्यवहार आज अधिक सहयोगपूर्ण और प्रेमपूर्ण रहेगा। विरोधियों को परास्त कर सकेंगे। प्रिय व्यक्ति के साथ मिलन होने से मन में आनंद का अनुभव होगा। काम पूरा होने में विलंब होगा।

**सिंह**
आज स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। दुविधायुक्त मन: स्थिति और उलझे हुए पारिवारिक वातावरण के कारण आप परेशानी का अनुभव करेंगे। निरर्थक धन खर्च होगा। महत्वपूर्ण निर्णय लेना हितकर नहीं है।

**कन्या**
संदेह के बादल घिरे होने से कहीं मन नहीं लगेगा। हालांकि घर में शांति का वातावरण होगा। दैनिक कामों में थोड़ा अवरोध आएगा। अधिक परिश्रम के बाद अधिकारियों के साथ वाद- विवाद में न पड़ें। परिवार को समय दें। काम पूरा होने में विलंब होगा।

**तुला**
यात्रा के लिए अभी समय अनुकूल नहीं है। पारिवारिक और जमीन-जायदाद से संबंधित चर्चाओं में सावधानी रखने की आवश्यकता है, वरना नुकसान हो सकता है। कार्य सफलता, आर्थिक लाभ और भाग्यवृद्धि के लिए अच्छा दिन है।

**वृश्चिक**
आज आपके किसी काम या प्रोजेक्ट में सरकार से लाभ होगा। ऑफिस में महत्वपूर्ण मुद्दों पर अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करेंगे। कार्यभार बढ़ेगा। पारिवारिक मामले में गहरी रुचि लेकर सदस्यों के साथ विचार-विमर्श करेंगे।

**धनु**
गृह सजावट का आयोजन करेंगे। माता के साथ अधिक निकटता अनुभव करेंगे। नए काम शुरू कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। विदेश में रहने वाले मित्रों या स्वजनों का समाचार आपको भाव-विभोर करेगा।

**मकर**
आज का दिन सामाजिक और व्यावसायिक क्षेत्र में आपके लिए लाभदायक साबित होगा। मौज-शौक के साधन, उत्तम आभूषण और वाहन की खरीदारी करेंगे। मौज-मस्ती और मनोरंजक की प्रवृत्तियों में समय व्यतीत गुजरेगा।

**कुंभ**
प्रिय व्यक्ति के साथ मिलाप होगा। नए लोगों से मुलाकात सुखद रहेगी। शेयर-सट्टे से दूर रहें। आज आप अत्यधिक इमोशनल रहेंगे। इस कारण मानसिक अस्वस्थता का अनुभव होगा। माता के साथ संबंध न बिगड़ें, इसका ध्यान रखें।

**मीन**
लंबी दूरी की यात्रा का योग है। तीर्थ यात्रा भी संभव हो सकेगी। अत्यधिक काम का बोझ से थकान का अनुभव करेंगे। बेकाबू क्रोध पर लगाम रखें। बदनामी और नकारात्मक विचारों से दूर रहना आपके हित में होगा। लंबी दूरी की यात्रा का योग है।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में हुआ पोश एक्ट के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा सखी वनस्टॉप सेन्टर सवाई माधोपुर में कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम 'पोश एक्ट' 2013 के संबंध में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव समीक्षा गौतम ने उपस्थित महिलाओं को बताया कि पोश एक्ट का उद्देश्य कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न को रोककर महिलाओं को कार्यस्थल पर सुरक्षित, गरिमापूर्ण, उत्पीड़न मुक्त वातावरण उपलब्ध करवाना है। किसी विभाग, संगठन, संस्था, कार्यालय, कम्पनी, अस्पताल तथा संगठित एवं असंगठित क्षेत्र के अन्य कार्यस्थलों पर छेड़छाड, अनुचित शारीरिक स्पर्श, अश्लील मौखिक टिप्पणी की शिकार महिलाओं की सुरक्षा हेतु पोश एक्ट को लागू किया गया है। कार्यस्थलों पर कार्यरत महिलाओं की सुरक्षा एवं उनकी लैंगिक उत्पीड़न संबंधी शिकायतों के निवारण के लिये प्रत्येक कार्यस्थल पर आंतरिक परिवाद समिति तथा सम्पूर्ण जिले के लिए जिला कलेक्ट्रेट स्तर पर एक स्थानीय परिवाद समिति का गठन किया जाना आवश्यक है।

## भाजपा पदाधिकारियो ने राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे का दुपट्टा एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया

बढ़ता राजस्थान



**टोंक, ( का.स. )।** भारतीय जनता पार्टी टोंक के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष चन्द्रवीर चौहान के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियो ने राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे का दुपट्टा एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया।राज्यपाल ने भाजपा जिलाध्यक्ष चन्दवीर सिंह चौहान से सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों व सरकार की योजनाओ की जानकारी ली। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष गणेश माहुर, राजेन्द्र पराना, सत्यनारायण चौधरी, विष्णु शर्मा,प्रभु बाडोलिया,दीपक संगत, लक्ष्मी जैन,नरेश बंसल, शैलेन्द्र चौधरी,विनायक जैन सहित अन्य मौजूद रहे।

## अमित झंवर होगें माहेश्वरी समाज मालपुरा के अध्यक्ष

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** महेश सेवा सदन में बीति देर रात्रि माहेश्वरी समाज मालपुरा की आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से समाज अध्यक्ष के रूप में युवा समाजसेवी अमित झंवर को मनोनीत किया गया। अध्यक्ष मनोनीत होने के बाद बैठक में मौजुद समाज बंधूओं ने नए अध्यक्ष का मालाऐं पहना कर सम्मान किया। साथ ही नए अध्यक्ष झंवर ने समाज बंधुओं को आश्वासन देते हुए कहा कि समाज ने जो उन पर विश्वास प्रकट किया है उसको सभी समाजबंधुओंू कू सहयोग, राय से सभी को साथ लेकर चलकर बनाए रखने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही माहेश्वरी समाज मालपुरा के विकास में कोई कसर बाकी नहीं रखी जाएगी।

## जिला स्तरीय महिला सम्मेलन आज
### राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन 25 मार्च को अपरान्ह 3 बजे रामसिंहपुरा स्थित राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय में आयोजित किया जाएगा। इसका जिला स्तरीय समारोह प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आदर्श स्टेडियम बाड़मेर में होगा। जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने राजस्थान दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा को प्रभारी अधिकारी , उप निदेशक आईसीडीएस एवं उप निदेशक महिला अधिकारिता विभाग को सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है। वहीं महिलाओं को इंडेक्शन कुक टाप, विवेकानंद स्कॉलरशिप के चयन पत्र, कालीबाई भील योजना के लाभार्थियों को स्कूटी वितरण, गार्गी पुरस्कार योजना के तहत बालिकाओं को प्रोत्साहन राशि एवं परिवार की महिला प्रमुख को रसोई गैस सब्सिडी का वितरण किया जाएगा।

## जमाबंदी के साथ आधार सीडिंग कराने पर ही मिलेगा योजनाओं का लाभ

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा (नि.स.)।** पराना ग्राम पंचायत मुख्यालय पर फॉलोअप कैंप का आयोजन किया गया। पटवारी रामजी लाल चौधरी ने बताया कि सोमवार से बुधवार तक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर फार्मर रजिस्ट्रेशन आईडी बनवाए जाने के लिए फोलोअप कैंप लगाए जा रहे हैं। जिसमें सैंकड़ों किसानो के रजिस्ट्रेशन किए गए।

### सावधान ! आगे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौथ का बरवाड़ा है

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौथ का बरवाड़ा में दुर्घटना में मौत के बाद ग्रामीणों का उग्र प्रदर्शन, लापरवाही और स्टाफ की कमी का आरोप





बढ़ता राजस्थान

**चौथ का बरवाड़ा ( चेतन परिहार )।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौथ का बरवाड़ा में रविवार शाम सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की मौत के बाद सोमवार सुबह ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही और स्टाफ की कमी का आरोप लगाते हुए उग्र प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि मौके पर डॉक्टर तथा कंपाउंडर के मौजूद नहीं होने,समय पर उचित इलाज न मिलने के कारण घायल व्यक्ति की जान चली गई। कल शाम 7 बजे सड़क दुर्घटना में धनराज सैनी , निवासी चैनपुरा गंभीर रूप से घायल हो गया था ,जिसे तुरंत सीएचसी चौथ का बरवाड़ा लाया गया, जहां से गंभीर स्थिति के चलते हैं उसे पहले सवाई माधोपुर और फिर सवाई माधोपुर से जयपुर रैफर किया गया था लेकिन जयपुर जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई , ग्रामीणों का आरोप है कि अस्पताल में पर्याप्त डॉक्टर और नर्स मौजूद नहीं थे। उन्होंने बताया कि घायल व्यक्ति की मरहम पट्टी भी खुद परिजनों ने ही की और उसे समय पर इलाज नहीं मिल पाया। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल परिसर में नारेबाजी की और अस्पताल प्रशासन के खिलाफ जमकर गुस्सा जताया। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएचसी में पिछले कई दिनों से डॉक्टरों और नर्सों की कमी रहती है, जिसके कारण मरीजों को सही समय पर इलाज नहीं मिल पाता और कई बार जान गंवानी पड़ती है। प्रदर्शनकारियों ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ सख्त कार्रवाई और सीएचसी में तुरंत पर्याप्त स्टाफ की नियुक्ति , अस्पताल में बाहर की दवाई नहीं लिखने तथा मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए , तहसीलदार चौथ का बरवाड़ा नीरज सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी लाभूराम बिश्नोई और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अनिल जैमिनी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को शांत करने की कोशिश की और मामले की निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा, 'यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। हम मामले की गंभीरता से जांच करेंगे और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हम सीएचसी में स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए भी तुरंत कदम उठाएंगे, अगले 24 घंटे में एक अतिरिक्त डॉक्टर चौथ का बरवाड़ा में पदस्थापित किया जाएगा , डॉक्टर को बाहर के मेडिकल से दवाई नहीं लिखने के लिए पाबंद किया जाएगा।

## राज्यपाल ने जिला स्तरीय अधिकारियों से किया संवाद, विभागीय योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा कर दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान




**टोंक,( का.स. )।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जिला परिषद सभागार टोंक में सोमवार को जिला स्तरीय अधिकारियों से संवाद कर विकास योजनाओं और जनहित के कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। श्री बागडे ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें और उनके जीवन में सुधार लाने के लिए जनहित की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करें। राज्यपाल ने जल संरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन योजना में गांव का पानी गांव में, खेत का पानी खेत में संचित रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सुदूर गांवों और ढाणियों में सड़कों की बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, इस कार्य को प्राथमिकता से समयबद्ध सीमा में पूरा किया जाएं। जल जीवन मिशन में प्रत्येक परिवार को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराएं। पीएम सूर्य घर योजना और पीएम कुसुम योजना का लाभ लेने के लिए लोगों को प्रेरित करें।

राज्यपाल ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि राजीविका योजना के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की उचित मार्केटिंग की व्यवस्था की जाएं। उन्होंने किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओ की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, पीएम कृषि सिंचाई योजना, पीएम फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय बागवानी मिशन, सॉयल हेल्थ कार्ड योजना को लेकर संबधित विभाग के अधिकारियों को काश्तकारो को अधिकारिक जानकारी प्रदान कर लाभांवित करने के निर्देश प्रदान किए। राज्यपाल ने आंगनबाडी केन्द्रो पर बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास तथा बालिकाओं की उपस्थिति एवं पोषण को लेकर विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में पूर्व में इस योजना के लाभ से वंचित लोगों को जोडने के निर्देश दिए। डेयरी विभाग के अधिकारियों को जिले में डेयरी उत्पाद के विकास की संभावनाओ पर कार्य करने पर बल दिया। राज्यपाल श्री बागडे ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि टोंक जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए बेहतर कार्य योजना बनाकर कार्य करें। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि घुमुंतु जातियों एवं भिक्षावृति का कार्य करने वाले बालको को सतत प्रयास कर नियमित शिक्षा से जोडा जाएं, ताकि उनकी आने वाली पीढियां शिक्षित होकर सक्षम बन सकें। समीक्षा बैठक में जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला कलेक्टर डा. सौम्या झा, जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान सहित सभी अधिकारी मौजूद रहें।

## भारतीय नववर्ष को उत्साह व उमंग के साथ मनाए जाने की तैयारियां जोर शोर से
### पूर्व संध्या 29 मार्च को निकलेगी वाहन रैली
### 30 मार्च को आयोजित होगें कई कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** भारतीय नववर्ष आयोजन समिति के तत्वावधान में 30 मार्च को भारतीय नववर्ष उत्साह, उमंग व परम्परा के साथ मनाए जाने की तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। इसी को लेकर भारतीय नववर्ष आयोजन समिति की ओर से बैठको का दौर जारी है। इसके अलावा भारतीय नववर्ष प्रचार प्रसार के लिए शहर के मुख्य मुख्य स्थानो पर बेनर पोस्टर आदि लगाए जा रहे हैं। भारतीय नववर्ष आयोजन समिति की ओर से बताया गया कि भारतीय नववर्ष की पूर्व संध्या पर 29 मार्च को सायंकाल 6 बजे विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी। यह रैली शहर के सभी मुख्य बाजारो व मार्गो से होकर आदर्श नगर स्थित महादेव मन्दिर पहुचेगी। यहां महाआरती के बाद प्रसादी का वितरण होगा। वहीं भारतीय नववर्ष के पावन अवसर पर 30 मार्च को शहर के घरो के बाहर रंगोलीयां सजाई जाएगी, भगवा ध्वज लहराए जाएगें, मन्दिरो में सूर्योदय के समय आरती के समय घंटे बजाए जाएगें। इसके अलावा समिति की ओर से शुभकामना कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके अलावा इसी दिन शाम घर घर रोशनी के लिए 5 दीपक प्रज्जलवित किए जाएगें। साथ ही सुभाष सर्किल पर एक साथ 11 हजार दीपक प्रज्जलवित किए जाएगें। इन सभी कार्यक्रमो को लेकर विचार विमर्श व मंथन का दौर जारी है। भारतीय नववर्ष के आयोजनो को ओर अधिक सुन्दर एवं श्रेष्ठ बनाने के लिए सुझाव मांगे जा रहे हैं। भारतीय नववर्ष के कार्यक्रमो की तैयार पूरे उत्साह के साथ जोर शोर से की जा रही है।

## राजस्थान दिवस उत्सव में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा देंगे प्रदेशवासियों को सौगातें
### 25 से 31 मार्च तक होंगे विविध आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** राजस्थान दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, 30 मार्च) के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा 25 से 31 मार्च तक प्रदेशभर में आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा प्रदेश को सौगाते देंगे। महिला सम्मेलन, किसान सम्मेलन, युवा रोजगार उत्सव सहित अन्य कार्यक्रमों के माध्यम से गरीब, युवा, महिला और किसानों को विशेष सौगातें दी जाएगी। इसके साथ ही, निवेश उत्सव, सुशासन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे।

**जिला स्तरीय महिला सम्मेलन आज :** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने बताया कि जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन मंगलवार, 25 मार्च को जिला मुख्यालय के कृषि ऑडिटोरियम में अपराह्न 3 से 5 बजे किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बाड़मेर से आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में जिला वर्चुअली माध्यम से जुड़ेगा। एडीएम रामरतन सौंकरिया ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में इस संबंध में बैठक आयोजित करते हुए महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक समेत अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के निर्देश दिए।

## सवाई माधोपुर खरीद केंद्र पर गेहूं खरीद कार्य प्रारम्भ
### किसान को 2 हजार 575 रूपए प्रति क्विंटल दर से हो रहा तुरन्त भुगतान

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** सवाई माधोपुर एवं बहरावण्डा खुर्द न्यूनतम समर्थन मूल्य खरीद केन्द्र पर आरएमएस 2025-26 के अन्तर्गत सरकारी गेहूं खरीद कार्य प्रारम्भ हो गया है। किसान को माला पहनाकर कार्य की शुरुआत की गई।

एफसीआई जिला नोडल अधिकारी रूपचन्द मीना ने बताया की सोमवार को कृषक पूजा बैरवा निवासी हलोंदा से लगभग 27 क्विंटल गेहूं की सरकारी खरीद की गई। सरकारी खरीद प्रारम्भ के दौरान खरीद केन्द्र प्रभारी विनोद कुमार किस्म निरीक्षक, भुगतान प्रभारी दिनेश मीना, नोडल अधिकारी रूपचन्द मीना एवं किसान उपस्थित रहे। किस्म निरीक्षक ने बताया कि किसान को गेंहू खरीद के बाद तुरन्त मौके पर ही भुगतान कर दिया है। वहीं बहरावण्ड़ा खुर्द खरीद केन्द्र पर सुखवास निवासी चन्द्रभान राजपूत से 49 क्विंटल गेहूं की सरकारी खरीद की गई। नोडल अधिकारी रूपचन्द मीना ने बताया की किसान अपने नजदीकी गेहूं खरीद केन्द्र पर जाकर वहां उपस्थित एफसीआई कार्मिकों से निःशुल्क पंजीयन करवाए एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ उठाए। किसान एमएसपी दर 2 हजार 575 रूपए प्रति क्विंटल से कम दाम पर अपना गेहूं अन्य जगह बेचने की बजाय सरकारी खरीद केन्द्र पर ही गेहूं बेचकर एमएसपी का लाभ उठाए।

इस वर्ष राजस्व जिला सवाईमाधोपुर में गेंहू खरीद के लिए चार केंद्र गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, बहरावंडा खुर्द एवं खंडार संचालित किए जा रहे है।

## क्षय रोग दिवस पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** क्षय रोग दिवस के अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में सोमवार को जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग व नेहरू युवा केन्द्र के संयुक्त तत्त्वावधान में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में विजेता रही छात्राओं और छात्रों को पुरस्कृत किया गया। अभियान के अंतर्गत जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में राजकीय विद्यालयों में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमे प्रत्येक ब्लॉक में विजेता रहे बालिकाओं और बालकों की जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिला स्तरीय प्रतियोगित में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय लाखनपुर की ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा पायल प्रथम, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खंडार में ग्यारहवीं कक्षा का छात्र पार्थ सेन द्वितीय व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बुचोलाई की ग्यारहवी कक्षा की छात्रा शिवानी गुर्जर तृतीय स्थान पर रहीं। जिला स्तर पर प्रथम रहने वाली छात्रा पायल को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी भाग लिया। इन तीनों विजेताओं को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अनिल कुमार जैमिनी, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अमित कुमार गोयल व डॉ देशराज मीना ने मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया। सीएमएचओ ने सभी विजेताओं को बधाई देते हुए उनके प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। जिला क्षय अधिकारी डॉ. अमित कुमार गोयल ने बताया कि अभियान के अंतर्गत पिछले एक महीने से लगातार चिकित्सा विभाग प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत अभियान के बस जिलेभर में विभिन्न एक्टिविटी आयोजित की जा रही थी, इसके अलावा चिकित्सा विभाग की टीमें गांव-गांव जाकर सेंपलिंग और जांच में भी जुटी हुई है। प्रभावित लोगों को तत्काल इलाज दिलाया जा रहा है।

उन्होंने सभी को कहा कि उन्हें किसी में भी यदि टीबी के कोई भी लक्षण दिखाई दें तो वो उसे अपनी जांच और इलाज करवाने के लिए व आमजन को टीबी मरीज को पोषण सहायता उपलब्ध करवाने के लिए निक्षय मित्र बनने के अपील की। इसके साथ ही नेहरू युवा केन्द्र के ब्लॉक कोर्डिनेटर रजत भारद्वाज द्वारा सभी विजेताओं को टीशर्ट व अतिथियों को मोमेंटो प्रदानकर सम्मानित किया। इस अवसर पर नर्सिंग कॉलेज के छात्र छात्राएं, विभागीय स्टाफ मौजूद रहे।

## शनि मेला 29 को चौसला में

बढ़ता राजस्थान





**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा क्षैत्र के चौसला गांव स्थित बालाजी शनि धाम में शनि अमावस्या के पावन अवसर पर 29 मार्च को विशाल एवं भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए धाम सरंक्षक एवं ज्योतिषाचार्य पं. भरत कुमार शास्त्री ने बताया कि मेले के अवसर पर धाम पर भगवन शनि देव का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शनि शिला पर तेलाभिषेक होगा। उन्होंने बताया कि शास्त्र के अनुसार शनि शिला का दर्शन व तेलाभिषेक करना अति श्रेष्ठ माना जाता है।

इस दिन शनि देव मीन राशि में गोचर करेगें। जिससे सभी 12 राशियो पर अलग अलग प्रभाव होगा। पं. शास्त्री ने बताया कि सिंगलापुर का दूसरा धाम चौसला में ही स्थित हैं। यहां पर भगवान शनि देव शीला स्वरूप विराजमान है। शनि शिला पर तेलाअभिषेक करने से इंसान को सभी कष्टो से मुक्ति मिलती है। इसके अलावा आरोग्य, लाभ लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। चौसला के शनि धाम में शनि शिला के साथ पंचमुखी महादेव, पंचमुखी हनुमान जी महाराज का विग्रह स्वरूप का दर्शन मिलता है। इन सभी का एक साथ दर्शन करने से आर्थिक लाभ होने के साथ साथ मनोकामनाऐं भी सिद्ध होती है। शनि अमावस्या व मेले की पूर्व संध्या पर चौसला स्थित शनि धाम को आकर्षक ढंग से सजाया जाकर रंगीन एवं दूधिया रोशनी से जगमग किया जाएगा। वहीं शनि अमावस्या के पावन दिन में मंगला आरती के साथ दर्शन शुरू होगें।साथ ही अलगोजा पार्टी द्वारा भजनो की प्रस्तुतीया दी जाएगी।

# राजस्थान दिवस के तहत 25 से 31 मार्च तक सात दिवसीय कार्यक्रमों का हो भव्य एवं सफल आयोजन : कलक्टर

- 25 से 31 मार्च तक हर दिन एक भव्य समारोह, महिला सम्मेलन आज
- जिला कलक्टर ने राजस्थान दिवस के कार्यक्रमों की तैयारी बैठक लेकर दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा राजस्थान दिवस के उपलक्ष में 25 मार्च मंगलवार से 31 मार्च सोमवार तक हर दिन एक भव्य कार्यक्रम और सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन की तैयारियों को लेकर जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों की बैठक बुलाई जिसमें एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**25 से 31 तक होंगे ये कार्यक्रम :** जिला परिषद सीईओ बैरवा ने बताया कि 25 मार्च को महिला सम्मेलन का आयोजन दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक, किसान सम्मेलन का आयोजन 26 मार्च को सुबह 11 से 2 बजे तक, गरीब एवं अंत्योदय सम्मेलन का आयोजन 27 मार्च को सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक, सुशासन समारोह का आयोजन 28 मार्च को सुबह 11 से 2 बजे तक, युवा एवं रोजगार दिवस का आयोजन 29 मार्च को सुबह 11 से 2 बजे तक किया जाएगा। 30 मार्च को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शाम 7 बजे से तथा 31 मार्च को निवेश उत्सव का आयोजन सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। ये सभी कार्यक्रम अनुव्रत विश्वभारती सभागार में होंगे। महिला सम्मेलन के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग, किसान सम्मेलन के लिए कृषि विभाग, गरीब एवं अंत्योदय सम्मेलन के लिए ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग, सुशासन समारोह के लिए नगरीय विकास विभाग, युवा एवं रोजगार उत्सव के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए पर्यटन विभाग, निवेश उत्सव के लिए उद्योग विभाग को नोडल बनाया गया है।

### महिला सम्मेलन का आयोजन आज

राज्यभर में आज 25 मार्च मंगलवार को महिला सम्मेलन का आयोजन होगा। अनुव्रत विश्वभारती सभागार में महिला सम्मेलन का आयोजन दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होगा। जिला कलक्टर ने महिला अधिकारिता विभाग की सहायक निदेशक रश्मि कौशिक और अन्य संबंधित विभागों से तैयारियों को लेकर चर्चा कर सफल आयोजन के निर्देश दिए।

## लोढ़ा भाईपा संस्थान का 23 वां वार्षिक सम्मेलन आयोजित




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** लोढ़ा भाईपा संस्थान का 23 वां वार्षिक सम्मेलन वासुपूज्य जैन मन्दिर का ट्रस्ट में आज आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि,विशिष्ठ अतिथि समाज गौरव राजेन्द्रसिंह लोढ़ा,विजयसिंह लोढ़ा थे। अध्यक्ष ललित लोढ़ा ने बताया कि समारोह में होली स्नेहमिलन व सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात वृद्धजन सेवा सम्मान,भामाशाह सम्मान के साथ 40 बच्चों का प्रतिभाशाली सम्मान व सर्टिफिकेट व मेडल प्रदान कर सम्मान किया गया। लोढ़ा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए भावी कार्ययाजना के बारें में बताया। मुख्य अतिथि राज लोढ़ा ने संगठन को अधिक गतिशील बनानें के सुझाव दिये। सचिव नरेश लोढ़ा ने गत वर्ष की रिपोर्ट पेश की एवं युवा कार्यकारिणी के गठन के बारें में चर्चा की। समारोह में सरंक्षक शैलेन्द्र लोढ़ा व हरिसिंह लोढ़ा ने भी अपने विचार रखें। कार्यक्रम में दिलीप लोढ़ा,नरेन्द्र लोढ़ा, गजेन्द्र लोढ़ा,शंकर लोढ़ा, हस्तीमल लोढ़ा,मिश्रीलाल लोढ़ा के अलावा करीब 350 सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संयोजन चिन्तन लोढ़ा ने किया। अन्त में अशोक लोढ़ा ने आभार ज्ञापित किया।

## पंचायत समिति में साधारण सभा की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे के पंचायत समिति सभागार में सोमवार को साधारण सभा की बैठक उपप्रधान राजेन्द्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता एवं पावटा उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय व विकास अधिकारी सुशिला यादव की मौजूदगी में आयोजित हुई। उल्लेखनीय है की हाल में पावटा प्रधान पूजा चौधरी को पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई हैं, उनकी अनुपस्थिति में साधारण सभा की अध्यक्षता उपप्रधान शेखावत ने की। इस मौके पर प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना द्व1 के लिए डीआरआरपी केन्डीडेट रोड एवं सीएन. सी.पी.एल. न्यू कन्कटिविटी प्रायोरिटी लिस्ट के प्रस्तावों का अनुमोदन एवं अध्यक्ष के निर्देशानुसार विद्युत विभाग, जलदाय विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खनिज विभाग आदि विभागों पर विस्तृत चर्चा की गई, साथ ही वर्ष 2025-26 के वार्षिक कार्य योजना एवं गत बैठकों का अनुमोदन किया। इस दौरान जिला परिषद् सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, प्रशासक एवं अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** जीआरपी थाना इलाके में रेलवे ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। बताया जा रहा है उसका पैर कटकर धड़ से अलग पड़े हुए थे। ट्रेन से टकराने से उछलकर दूर जा गिरा था। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के लिए शव को हॉस्पिटल के मुर्दाघर में रखवाया है। जीआरपी पुलिस ने बताया कि गोनेर ओवर ब्रिज के पास एक युवक का शव रेलवे ट्रैक के पास पड़ा हुआ मिला है। रेलवे ट्रैक के पास शव पड़े होने की सूचना मिलने पर लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची । जहां पुलिस को रेलवे ट्रैक से करीब 10 फीट की दूरी पर शव दो भागों में कटा हुआ पड़ा था।

## सुरों के संग, संस्कृति के रंग कार्यक्रम के लिए ऑडिशन आज से, कार्यक्रम 30 को-मुकेश माधवानी

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** लोक संगीत की समृद्ध धरोहर को जीवंत बनाए रखने और संगीत प्रेमियों को एक मंच देने के उद्देश्य से सुरों की मंडली 30 मार्च को एक विशेष संगीत संध्या सुरों के संग, संस्कृति के रंग कार्यक्रम प्रस्तुत करने जा रही है। इस आयोजन में भारत के विभिन्न राज्यों के पारंपरिक लोकगीतों की रंगारंग प्रस्तुतियाँ देखने और सुनने को मिलेंगी। सुरों की मंडली के संस्थापक अध्यक्ष मुकेश माधवानी ने बताया कि यह कार्यक्रम उन सभी के लिए एक सुनहरा अवसर है, जो लोकगीतों को गाने और संजोने का शौक रखते हैं। 25 मार्च को अशोका पैलेस में 4 बजे से ऑडिशन राउंड आयोजित किया जाएगा, जिसमें चयनित प्रतिभागियों को मुख्य कार्यक्रम में प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा। इच्छुक गायक अपने लोकगीत के 1-2 मिनट के प्रदर्शन के साथ ऑडिशन में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऑडिशन 25 मार्च को मधुश्री में शाम 4 से 7 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इच्छुक गायक अपने नाम और पसंदीदा लोकगीत के बोल 9828028999 पर भेजकर पंजीकरण करा सकते हैं। इस कार्यक्रम में राजस्थानी मांड, पंजाबी गिद्धा, बंगाली बाउल, गुजराती गरबा, मराठी लावणी, कश्मीरी रूफ, दक्षिण भारतीय जनपद गीत जैसे लोकगीतों को प्रस्तुत किया जा सकता है।

अधिक जानकारी व पंजीकरण के लिए डॉ. अनिता सिंघी से 9828028999 पर संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताएँ-विभिन्न भारतीय भाषाओं और प्रदेशों के पारंपरिक लोकगीतों की प्रस्तुति,रंगारंग पारंपरिक वेशभूषा और लोक संगीत की झलक,सोलो और ग्रुप परफॉर्मेंस दोनों की अनुमति,सभी प्रतिभागियों के लिए आकर्षक उपहार,संगीत प्रेमियों के लिए एक यादगार संगीतमय अनुभव होगा।

## महलों के अंदर निर्माणाधीन पानी की टंकी को यथावत रखे सरकार : नगर कांग्रेस अध्यक्ष तोषनीवाल

बढ़ता राजस्थान



**शाहपुरा ( कमलेश कुमार अग्रवाल )।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा नगर में महलों के अंदर स्थित सुनसान पड़े रानी महल के कोने में इन दोनों चार लाख किलो लीटर की क्षमता की पानी की टंकी का निर्माण किया जा रहा है। इसके समर्थन में आज नगर कांग्रेस अध्यक्ष बालमुकुंद तोषनीवालंकी अगुवाई में उपखंड कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया तथा टंकी वही बनाये जाने के समर्थन में राज्यपाल के नाम ज्ञापन सोपा। नगर कांग्रेस अध्यक्ष बालमुकुंद तोषनीवाल ने बताया गया कि नगर में टंकी को लेकर किसी तरह का कोई विरोध नहीं है एवं टंकी निर्माण यथावत रहना चाहिए साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार किया जा रहा है जो उचित नहीं है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य संदीप महावीर जीनगर ने बताया कि वर्षों से वीरान पड़े हुए रानी महल के एक कोने में टंकी का निर्माण किया जा रहा है आमजन भावना के अनुरूप शीघ्र काम पूरा होना चाहिए।

पार्षद हमीद खा ने बताया कि परकोटे के अंदर करीब 40प्रतिशत आबादी निवास करती है जिनकी दैनिक जल की आवश्यकता को पूर्ति करने के लिए यह टंकी बनाई जा रही है क्योंकि महलों के बाहर बनी हुई टंकी क्षतिग्रस्त हो चुकी है और यह स्थान शाहपुरा में ऊंचाई पर है जिसकी वजह से टेल तक पानी पहुंचाना संभव हो पाएगा। पार्षद डॉ. इशाक खान ने बताया कि शहर में इस टंकी से पानी की आपूर्ति होती है जिसमें महलों के पीछे, धुलकोट, बारी मोहल्ला, धाकड़ मोहल्ला, नजर बाग, नजर का भाटा,बांडी मोहल्ला, एजेंसी मोहल्ला, सदर बाजार, सिंचाई विभाग रोड आदि मुख्य क्षेत्र हैं इसलिए पानी की टंकी वही महल में बनानी चाहिए जिससे सभी को पर्याप्त पानी मिल सके।

इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष बालमुकुंद तोषनीवाल, पीसीसी सदस्य संदीप महावीर जीनगर, पार्षद हमीद खान, पार्षद डॉ. इशाक खान, वरिष्ट नेता अशोक भारद्वाज, रमेश शर्मा,जगदीश श्रोत्रिय अजय मेहता ओम थारवानी, पूर्व पार्षद सद्दीक पठान, शंकर खटीक, प्रभु सुगंधि, मदन सर्वा, उस्मान छिपा, ताजुद्दीन उस्ता, इरफान खान, पूर्व सरपंच कालूराम मीणा,वरिष्ठ अधिवक्ता एवं बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राम प्रसाद चौधरी आशीष भारद्वाज,दुर्गालाल शर्मा,अभिषेक सोनी,रजत जेन,पप्पू खान, अधिवक्ता शरीफ मोहम्मद, धनराज जीनगर छोटू नीलगर,आदि मौजूद थे।

## 13 दिवसीय मेवाड़ टूरिज्म कप 2025 रोमांचक डे-नाइट टूर्नामेंट आज से

### 6 अप्रैल को फाइनल, पर्यटन से जुड़ी इकाइयों के खिलाड़ी दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** देश के सबसे लोकप्रिय खेल क्रिकेट में छठां संस्करण लेकर उदयपुर के पर्यटन इकाइयों से जुड़े व्यवसायी आ गए हैं। क्रिकेट और पर्यटन का यह अनोखा संगम इस बार 13 दिवसीय क्रिकेट टुर्नामेन्ट 25 मार्च से शुरू होगा जिसका फाइनल 6 अप्रैल को खेला जाएगा। इस बार आईपीएल की तरह इम्पेक्ट प्लेयर का नियम भी रखा गया है। आयोजक यदुराजसिंह कृष्णावत ने बताया कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करना और खेल भावना को बढ़ावा देना है। उदयपुर के क्रिकेट प्रेमियों को नाइट क्रिकेट का रोमांच, दमदार परफॉर्मेंस और शानदार माहौल देखने को मिलेगा। हर वर्ष की तरह इस बार भी यह टी-20 के रूप में दिन-रात के मैच ही खेले जाएंगे और सभी मैच शहर के मध्य स्थित फील्ड क्लब में होंगे। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट में शहर की प्रमुख होटल्स, टूरिस्ट गाइड्स, इवेंट प्लानर्स और पर्यटन उद्योग से जुड़े अन्य प्रोफेशनल्स भाग लेंगे जो अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। आईपीएल फॉर्मेट में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट में पहले लीग मैच होंगे. फिर नॉकआउट राउंड और अंत में 6 अप्रैल को फाइनल खेला जाएगा। कृष्णावत ने बताया कि टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों में ट्राइडेंट, उदय विलास, लैक पैलेस, राफेल्स, औरेका लेमन ट्री, रेडिसन, पैरेलल होटल, लीला पैलेस, आईटीसी, मेवाड़ टूरिज़्म क्लब, राजपुताना टूरिज़्म क्लब, लीजेंड्स इलेवन, रॉयल एपीएल, रॉयल गाइड एयर उदयपुर इवेंट्स अलायंस शामिल हैं।

## दूरसंचार कंपनी के मोबाइल टावर का विरोध टावर निर्माण कार्य रूकवाने की मांग, ज्ञापन सौंपा

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा में मोक्षद्वार स्थित इन्द्रा कॉलोनी में रिहायशी मकान की छत पर एक दूरसंचार कंपनी का मोबाइल टावर लगाये जाने का स्थानीय लोगों ने विरोध किया है। ग्रामीणों ने कहा कि आबादी क्षेत्र में रेडिएशन से स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न होंगी। टावर निर्माण पर रोक लगाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रागपुरा थाने में शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि सुरेश पुत्र मदन लाल मीणा बिना नगरपालिका प्रशासन कि अनुमति के अपने घर की छत पर मोबाइल टावर लगवा रहा है। जिसका दुष्प्रभाव आसपास पड़ौस के लोगों में भी देखने को मिलेगा। उन्होंने बताया कि नगरपालिका बनने से अब पावटा शहरी क्षेत्र में है और वर्तमान में नगरपालिका के प्रशासकीय अधिकारी पावटा एसडीएम कपिल कुमार उपाध्याय व ईओं फत्तेहसिंह मीणा से मोबाइल टावर की एनओसी लेना अनिवार्य है। ग्रामीणों ने बताया कि टावर से निकलने वाली रेडिएशन तरंगों से कैंसर की बिमारियों को बढ़ावा मिलेगा, छोटे बच्चों का मस्तिष्क विकसित नहीं हो पायेगा तथा आमजन के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव बढ़ेगें। समाजसेवी रामसिंह खारवाल, दाताराम, रोहित आदि ने मौके पर ग्रामीणों के बढ़ते विरोध व अनहोनी की आशंका को देखते हुए प्रागपुरा थाने में शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि पावटा कस्बे में लगभग सभी कंपनियों के मोबाइल टावर लगे हैं, कनेक्टिविटी भी बेहतर है। जिसको देखते हुए उक्त क्षेत्र में नया मोबाइल टावर लगाया जाना उचित नहीं है। पुलिस थाने में ज्ञापन देकर टावर के निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की है। इस दौरान कुंज बिहारी, रामसिंह धानका, लीलाराम, रोहिताश, बनेसिंह, राजू , मुकेश, रामसिंह, प्रिंस समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## जिला बचाओ संघर्ष समिति ने 83 वें दिन धरना देखकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा

बढ़ता राजस्थान

**शाहपुरा ( कमलेश कुमार अग्रवाल )।** शाहपुरा जिला बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में आंदोलन 83 वें दिन भी लगातार जारी। संघर्ष समिति के संयोजक एडवोकेट रामप्रसाद जाट ने जानकारी देते हुए बताया कि 6 दिवसीय फूलडोल महोत्सव के दौरान संघर्ष समिति के द्वारा आयोजित किए गए विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक धरना स्थल पर रखी गई। जिला बचाओ संघर्ष समिति के सदस्यों ने क्रमिक अनशन धरना देकर राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा । उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि संघर्ष समिति के द्वारा मेले में अब तक का राजस्थान का सबसे बड़ा ऐतिहासिक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसके तहत 34051 लोगों ने अपने हस्ताक्षर कर शाहपुरा जिले को पुन: बहाल करने की राज्य सरकार से मांग की। रामस्नेही संप्रदाय के पीठाधीश श्री रामदयाल जी महाराज ने स्वयं जिला बचाओ संघर्ष समिति के कार्यालय पहुंचकर जिले के समर्थन में हस्ताक्षर कर जिले की बहाली के लिए मंगल कामना की। वही अन्य दूरस्थ जिलों से आए हुए संतों ने कवियों ने व भजन गायको ने भी शाहपुरा जिले की मांग की आवाज उठाकर संघर्ष समिति को मजबूती प्रदान की जिनका सभी का संघर्ष समिति के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा द्वारा आभार व्यक्त किया गया था। संघर्ष समिति के सदस्यों ने साथ बैठकर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। एडवोकेट शरीफ मोहम्मद अंकित शर्मा सोनू शर्मा ताज मोहम्मद सहित इस मौके पर उदय लाल बेरवा, सत्यनारायण पाठक, राजेंद्र बोहरा, धनराज जीनगर, हाजी उस्मान छीपा, अर्पित कसेरा, नूर मोहम्मद रंगरेज आदि उपस्थित रहे।

## भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**पावटा( सुशील कुमार बंसल )।** फतेहपुरा खुर्द ग्राम पंचायत के अंतर्गत सोमवार को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि टसकौला सरपंच भैरूराम हुल्ड़ा ने शिक्षा के ज्ञान को किताबों द्वारा पढ़कर बच्चों तक पहुंचाने के साथ-साथ वर्तमान युग में शिक्षा की मांग को देखते हुए शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया। साथ ही स्कूल में कोटा स्टॉन पत्थर लगवाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में भामाशाह बजरंग लाल यादव, सरपंच प्रकाश सिंह राघव, राकेश जिंदड, लालचंद गुर्जर, प्रहलाद यादव, रामावतार गोरसी, बहादुर गुर्जर, मालीराम पोसवाल, पूर्व शिक्षक मालसिंह शेखावत, गुलाबचंद मणकस, भोजराज गुर्जर, हरिराम पोसवाल, सुरेश गुर्जर आदि द्वारा विद्यालय के लिए उपकरण और विकास कार्यों में योगदान देने की घोषणा की गई। अध्यक्षता फतेहपुरा खुर्द सरपंच प्रकाश सिंह राघव ने की। समारोह में भामाशाह एवं प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। संस्था प्रधान जय प्रकाश वर्मा ने आभार व्यक्त किया। समारोह में शारीरिक शिक्षक अशोक कुमार टांक, राजेश कुमार यादव, प्रिया यादव, शमीम बानो, अंशु कुमारी, अनिता यादव, मुनेशी गुर्जर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोज यादव, संतरा शर्मा एवं विद्यार्थियों के परिजन सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## कंप्यूटर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए बेस्ट आईटीजीके अवार्ड से सम्मानित हुआ कॅरियर ज्ञान केंद्र

बढ़ता राजस्थान




**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजस्थान नॉलेज कॉरपोरेशन की ओर से ज्ञान केंद्रों का वार्षिक महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह भीलवाडा में नगर निगम टाउन हॉल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में राजस्थान के विभिन्न जिलों से 200 से अधिक ज्ञान केंद्र ने भाग लिया 7 जिसमे राजसमन्द जिले से देवगढ़ के कॅरियर ज्ञान केंद्र के प्रबंधक महेश पालीवाल को कार्यक्रम मुख्य अतिथि सांसद दामोदर अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि विधायक अशोक कोठारी, महापौर राकेश पाठक, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाडा, पूर्व सभापति औमप्रकाश नराणीवाल, आरकेसीएल के मार्केटिंग हेड अभय शंकर, भाजपा नेता संजय रुइया, भाजपा नेता कैलाश सोनी, अध्यक्षता अग्रवाल एजुकेशन के डायरेक्टर अभिषेक लोहिया द्वारा बेस्ट आईटीजीके का अवार्ड प्रदान किया गया । कॅरियर ज्ञान केंद्र को यह अवार्ड आरएससीआईटी, टैली, आरएससीएफए में सर्वाधिक प्रवेश करने और विद्यार्थियों को श्रेष्ठ प्रशिक्षण देकर श्रेष्ठ रिजल्ट देने पर प्रदान किया गया । संस्थान द्वारा समय समय पर राज्य सरकार के साथ मिलकर कई महिलाओ को निशुल्क कंप्यूटर का प्रशिक्षण भी प्रदान किया है यही नहीं संस्थान के प्रबंधक पालीवाल द्वारा जिले में कई स्थानों पर प्रशासन के साथ मिलकर साइबर सुरक्षा जागरूकता के कार्यक्रम चलाये गए है।

# मसूदा क्षेत्र के ग्राम रामपुरा में आयोजित होने वाले श्री राम महायज्ञ की तैयारियां जोरों पर

## महाविशाल 51 कुण्डात्मक एकादश दिवसीय श्रीराम महायज्ञ हेतु स्थल पर बनाया जा रहा है पाण्डाल, ब्रह्म ऋषि यज्ञ सम्राट श्री श्री 108 श्री प्रमोद दास जी महाराज के सानिध्य में 13 अप्रेल से होगा महाविशाल 51 कुण्डात्मक श्रीराम महायज्ञ का होगा शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर/भिनाय ( घनश्याम दास )।** मधुसूदन गढ़ महाकाल आश्रम से राष्ट्रीय प्रवक्ता आरती वैष्णव के मुखार बिन्द से श्रद्धालुओं को श्रीमद् भागवत महापुराण कथा श्रवण का प्राप्त होगा लाभ यज्ञ सम्राट श्री श्री 108 श्री प्रमोद दास जी महाराज ने सभी रावत राजपूत सरदारों से यज्ञ को सफल बनाने हेतु हर सम्भव योगदान देने का आग्रह किया । अखिल ब्रह्माण्ड नायक ऊँकार स्वरूप योग पुरुषोत्तम निवार्ण वेता श्रीराम भगवान राघवेन्द्र सरकार की असीम कृपा से श्री श्री 1008 ब्रह्मलीन महन्त श्री हंसपुरी जी महाराज की सद प्रेरणा से मसूदा के निकटवर्ती ग्राम रामपुरा में ब्रह्म ऋषि यज्ञ सम्राट श्री श्री 108 श्री प्रमोद दास जी महाराज के सानिध्य में अन्तर्राष्ट्रीय समस्त रावत समाज के सहयोग से विश्व कल्याणार्थ, राष्ट्र समृद्धि, सर्वजन हिताय, सर्व जन



सुखाय, नवग्रह शांति, सर्व विघ्न बाधा निवार्णार्थ, सर्व मनोकाना पूर्ण हेतु 13 अप्रेल से शुरू होने वाले महाविशाल 51 कुण्डात्मक एकादश दिवसीय श्रीराम महा यज्ञ की तैयारियां जोरों पर चल रही है।ज्ञातव्य है कि यज्ञ के अध्यक्ष की जिम्मेदारी को लेकर पिछले दिनों 22 जनवरी को ब्रह्म ऋषि यज्ञ सम्राट श्री श्री 108 श्री प्रमोद दास जी महाराज ने रावत समाज के प्रदेश अध्यक्ष देबी सिंह रावत के लाडपुरा स्थित आवास पर पहुँचकर निमंत्रण देने के साथ ही आयोजित होने वाले श्रीराम महा यज्ञ के अध्यक्ष की जिम्मेदारी रावत समाज के प्रदेश अध्यक्ष देबी सिंह रावत को सौपी जाने के दौरान ही रावत समाज के प्रदेश अध्यक्ष देबी सिंह रावत द्वारा यज्ञ के अध्यक्ष पद को स्वीकाते हुए यज्ञ को सफल बनाने की पूरी जिम्मेदारी ली जा चुकी है।वहीं उपाध्यक्ष पूर्व सरपंच विजय सिंह रावत सहित सभी रावत राजपूत सरदार भी यज्ञ के सफल आयोजन के लिए सम्भव प्रयासरत है।

ध्यातव्य है कि मसूदा क्षेत्र के ग्राम रामपुरा में 51 कुण्डात्मक एकादश: दिवसीय श्री राम महायज्ञ के 13 अप्रैल से होने वाले शुभारंभ को लेकर 25 जनवरी को श्री हनुमानजी महाराज का ध्वजारोहण किया जा चुका है। यज्ञ सम्राट श्री श्री 108 श्री प्रमोद दास जी महाराज ने यज्ञ आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि यज्ञशाला क्षेत्र में यज्ञ कुंड व यज्ञमंडप आदि कार्य प्रगति पर है तथा 5 अप्रैल तक यज्ञ कुंड व यज्ञशाला एवं यज्ञमंडप तैयार हो जाएंगे। महाराज श्री ने बताया कि 13 अप्रैल को यज्ञ शुभारंभ के दूसरे दिन 14 अप्रेल से रामलीला का मंचन शुभारम्भ होगा।

# राजस्थान दिवस सप्ताह: 25 से 31 मार्च तक आयोजित होंगे विविध कार्यक्रम, कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए तैयारी के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, ( अमित शर्मा )।** राजस्थान दिवस सप्ताह के अवसर पर जिले में 25 मार्च से 31 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रमों एवं उत्सव का आयोजन किया जायेगा। जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने बताया कि 25 मार्च को टाउन हॉल में प्रात: 11: 30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक महिला सम्मेलन आयोजित किया जायेगा। 26 मार्च को टाउन हॉल में प्रात: 11:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक सुशासन समारोह, 27 मार्च को टाउन हॉल में प्रात: 11:30 बजे से दोपहर 1:15 बजे तक गरीब एवं अन्योदय समारोह/कार्यक्रम, 28 मार्च को टाउन हॉल में प्रात: 11 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक किसान सम्मेलन एवं एफ.पी.ओ. कार्यक्रम, 29 मार्च को टाउन हॉल में प्रात: 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक युवा एवं रोजगार कार्यक्रम, 30 मार्च को सायं टाउन हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। 31 मार्च को प्रात: 11: 30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक निवेश उत्सव कार्यक्रम टाउन हॉल में आयोजित होगा। जिला कलक्टर ने आदेश के तहत जिले में 25 मार्च से 31 मार्च तक आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए मुख्यकार्यकारी अधिकारी जिला परिषद को नोडल अधिकारी तथा आयुक्त नगर निगम एवं सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उन्होंने राजस्थान दिवस के समस्त कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

# संगम विश्वविद्यालय का ग्यारवाह दीक्षांत समारोह 25 मार्च को, 661 विद्यार्थियों को मिलेगी डिग्री

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** स्थानीय संगम विश्वविद्यालय में 25 मार्च को ग्यारवाह दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगा। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता श्री रामपाल सोनी,चेयरमैन,संगम समूह,मुख्य अतिथि प्रो. शैलेंद्र सराफ - निदेशक राष्ट्रीय औषधीय शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान अहमदाबाद,मुख्य अतिथि प्रोफेसर प्रदीप कुमार जोशी,पूर्व चेयरमैन यूपीएससी एवं चेयरमैन नेशनल टेस्टिंग एजेंसी नई दिल्ली, रहेंगे।विश्वविध्यालय के कुलपति प्रोफेसर करुणेश सक्सेना ने बताया की 11 वे दीक्षांत समारोह में कुल 41 पीएचडी की डिग्री,27 टॉपर्स को गोल्ड मैडल, यू जी, पीजी डिग्री सहित कुल 661 छात्र छात्राओं को डिग्री प्रदान की जाएगी। रजिस्ट्रार प्रोफेसर राजीव मेहता ने बताया कि दीक्षांत समारोह के पूर्व आवास निवास आदि सारी तैयारियां पूरी हो चुकी है। डिग्री लेने हेतु कई छात्र-छात्राएं विभिन्न स्थानों से उपस्थित हो रहे हैं। प्रो. वीसी प्रोफेसर मानस रंजन पाणिग्रही ने बताया की दीक्षांत समारोह का पूर्वाभ्यास करके तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर जग भूषण शर्मा ने परीक्षा एवं डिग्री संबंधी संबंधी सभी तैयारियों पर अंतिम मुहर लगाई तथा बताया कि इस बार डिग्री में विभिन्न सिक्योरिटी डिजिटल फीचर उपलब्ध रहेंगे।

# हार्टफुलनेस एकात्म अभियान भीलवाड़ा जिले के तीन सौ से अधिक गावों में पहुँचा

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** हार्टफुलनेस द्वारा भारत सरकार एवं संस्कृति मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित एकात्म अभियान में भीलवाड़ा जिले में तीन सौ से अधिक गांवों में पहुंचा दिया है। हार्टफुलनेस के प्रशिक्षक एवं अभ्यासी कल रविवार को भीलवाड़ा जिले की मांडल, रायपुर, सहाड़ा, बनेड़ा, शाहपुरा तहसीलों में गांव गांव घर घर ढाणी ढाणी की तर्ज पर संपर्क कर, ग्रामीण जनों, युवा, वृद्ध, पुरुष, महिलाओं को हार्टफुलनेस ध्यान का अभ्यास करवाया। प्रशिक्षक ध्यान का महत्व समझाते हैं और समझाते हैं कि सहज सा लगने वाला ध्यान उनके दैनिक जीवन में कैसे सामाजिक, मानसिक, अध्यात्मिक एवं भौतिक परिवर्तन के रास्ते खोलता जाता है। गांवों में सभी का जोश और ध्यान के प्रति उनकी रुचि देखते ही बनती है। हार्टफुलनेस के जिला समन्वयक योगेश लढ़ा ने बताया कि सोमवार को बागौर साहब गुरुद्वारा में ध्यान करने के लिए गुरुद्वारा प्रबंधक एवं स्वयं सेवकों ने खुशी से स्वागत किया तथा पुरुष एवं महिलाओं ने ध्यान सत्र का अभ्यास किया और इसमें निरंतरता बनाए रखने का विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर हार्टफुलनेस के प्रशिक्षक आदित्य बाजोरिया, अभ्यासी रवि कृष्णा, मनीष गंगवाल, राकेश झँवर तथा 250 से अधिक नए जिज्ञासु उपस्थि थे।

# अग्रवाल धर्मशाला में सद्भावना बैठक संपन्न हुई

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे के अग्रवाल धर्मशाला परिसर में रविवार शाम 7:30 बजे सामाजिक सद्भावना बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता रमेश खंगार विभाग शारीरिक शिक्षण प्रमुख ने की। बैठक में विभिन्न जातियों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। रमेश खंगार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल हर समाज में कोई ना कोई कुरीति प्रचलित है इन कुरीतियों को रोकना हमारा कर्तव्य है साथ ही एकल परिवारों को लेकर चिंता प्रकट की, आज संयुक्त परिवारों के अभाव में आने वाली पीढ़ी में संस्कारों की कमी होने से वे गलत दिशा की ओर अग्रसर है यदि समय पर हमने समाधान नहीं किया तो समाज एक ऐसी दिशा में चला जायेगा जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। वहीं हर घर में हो रहे मोबाइल के दुरुपयोग को लेकर कहा कि आने वाले कुछ वर्षों में हर घर एक व्यक्ति पागल मिलेगा, आजकल जो मोबाइल चलाने की बुरी लत है जिसमें लोग घंटों घंटो समय बर्बाद कर रहे है, जिसके परिणाम गंभीर होंगे इत्यादि बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक प्रभारी ओम प्रकाश नागर ने बताया कि बैठक का उद्देश्य समाज में जागृति लाना और समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर कर समाज को एक नई दिशा देना है।

# थाना प्रतापनगर क्षेत्र में हुई बोलेरो चोरी की घटना का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

## एक अन्य बोलेरो और चार मोटरसाइकिल भी बरामद

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** थाना प्रतापनगर पुलिस ने 13 जनवरी 2025 को हुई बोलेरो चोरी की घटना का पर्दाफाश किया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, और चोरी की गई बोलेरो सहित एक अन्य बोलेरो और चार मोटरसाइकिल भी बरामद की गई हैं। घटना के संबंध में प्राथी मोहम्मद जमील ने 14 जनवरी 2025 को थाना प्रतापनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार, मोहम्मद जमील ने अपनी बोलेरो को 12 जनवरी रात 11 बजे बीएसएल शोरुम के सामने स्थित टैक्सटाइल कॉलेज की दीवार के पास खड़ा किया था और रात को घर चले गए थे। जब वह 14 जनवरी की रात वाहन लेने पहुंचे तो उनकी बोलेरो चोरी हो चुकी थी। उन्होंने आसपास तलाश




की, लेकिन वाहन नहीं मिला। पुलिस ने इस मामले में प्रकरण संख्या 23/2025 धारा 303(2) बीएनएस 2023 में दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस की गठित टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की और पुराने अपराधियों से पूछताछ की। इसके बाद, तकनीकी और आसूचना सहयोग के आधार पर आरोपी नितिन गर्ग को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा, मुख्य आरोपियों की तलाश जारी है। गठित टीम में सुरजीत ठोलिया, पुलिस निरीक्षक और थानाधिकारी थाना प्रतापनगर, आशीष मिश्रा, सउनि साईबर सैल भीलवाड़ा, सुनील कुमार, एचसी 509, नरेश कुमार, कानि 1586, कुलदीप सिंह, कानि 2085, चन्द्रपाल सिंह, कानि 278, पिन्दु कुमार, कानि 494, मुकेश कुमार, कानि 1466, हरिसिंह, कानि 1540, और आशीष कुमार, कानि 385 शामिल थे। गिरफ्तार आरोपी नितिन गर्ग का नाम सामने आया है, जो चितौड़गढ़ के हाउसिंग बोर्ड सेंथि का निवासी है। पुलिस अब मुख्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# विश्व क्षय रोग दिवस के दौरान जिले में ऑटो माइकिंग जागरूकता रैली से गूंजे टीबी जागरूकता के नारे




बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा,( अमित शर्मा )।** आमजन में टीबी (क्षय रोग) के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर चिकित्सा विभाग द्वारा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सोमवार को टीबी अस्पताल से ऑटो माइकिंग जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी.पी. गोस्वामी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। इसमें नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों और जिला क्षय निवारण केंद्र के कर्मचारियों ने नारों और प्रचार प्रसार सामग्री के माध्यम से टीबी जागरूकता का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान सीएमएचओ डॉ. गोस्वामी ने जानकारी देकर बताया कि इस वर्ष 117 ग्राम पंचायतों का क्लेम टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत राष्ट्रीय स्तर पर भेजा गया है, जिससे क्षय रोग उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

**छात्रों को दी गई टीबी संबंधी जानकारी :** रैली में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को डॉ. भगवती लाल कुम्हार द्वारा टीबी के लक्षण, बचाव एवं उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई, जिससे समाज में इस बीमारी को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर किया जा सके।

### टीबी उन्मूलन के लिए संकल्पबद्ध भीलवाड़ा

जिले के सभी ब्लॉक स्तर पर स्कूलों में टीबी जागरूकता रैलियों और एसटीएस-एसटीएलएस द्वारा संगोष्ठियों का आयोजन किया गया, जिसमें टीबी की पहचान, जांच, उपचार और एडल्ट बीसीजी वैक्सीनेशन के बारे में जानकारी दी गई।

# हिन्दुस्तान जिंक द्वारा पुठोली में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 300 से अधिक ग्रामीण लाभान्वित

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( रेखा खाबिया )।** हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड, चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर द्वारा ममता एचआईएमसी के सहयोग से पुठोली गांव में ग्रामीण स्वास्थ्य पहल के तहत् मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जीबीएच उदयपुर चिकित्सालय की टीम ने इस शिविर में सहयोग दिया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी जागरूक करना था। शिविर में पुठोली और मुंगा का खेड़ा गांव के 324 ग्रामीणों ने लाभ लिया जिसमे 115 पुरुष, और 209 महिलाएँ एवं बच्चे शामिल थे । सभी को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार उपचार और नि:शुल्क दवाइयाँ उपलब्ध कराई गईं। इस मेगा स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने ग्रामीणों की विभिन्न बीमारियों की जांच और आवश्यक परामर्श दिया। जिनमे ईएनटी (कान, नाक, गला) विशेषज्ञों द्वारा सुनने, बोलने और सांस संबंधी समस्याओं की जांच, ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञों द्वारा हड्डियों, जोड़ों और मांसपेशियों से जुड़ी समस्याओं की जांच, जनरल फिजिशियन द्वारा सामान्य बीमारियों जैसे बुखार, संक्रमण, रक्तचाप आदि की जांच, स्त्री रोग विशेषज्ञ (गायनेकोलॉजिस्ट) द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित जांच और परामर्श, त्वचा सम्बंधित जाँच, रक्तचाप (बीपी), शुगर और हीमोग्लोबिन परीक्षण की सुविधा उपलब्ध करवाई गई। स्वास्थ्य शिविर का



उद्घाटन ग्राम सरपंच महिपाल सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड एवं ममता एचआईएमसी द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर ग्रामीणों के लिए लाभकारी हैं।

उन्होंने आग्रह किया कि भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाए ताकि गांव के लोग नियमित रूप से चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठा सकें। शिविर में चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर सुन्दरराज एवं ममता एचआईएमसी से परवीर गोयल उपस्थित थे। उन्होंने समुदाय के लोगों से संवाद किया और उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व के बारे में जानकारी दी। हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड और ममता एचआईएमसी ने भविष्य में भी इसी तरह के शिविर आयोजित करने का संकल्प लिया।

# किसान रजिस्ट्री कार्य 31 मार्च तक जारी रहेगा

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर/भिनाय ( घनश्याम दास )।** राजस्थान सरकार द्वारा प्रारम्भ किया गया किसान रजिस्ट्री कार्य 31 मार्च तक जारी रहेगा। स्थानीय पटवार मंडल भिनाय के भू अभिलेख पटवारी - हरिराम चौधरी ने बताया कि पटवार मंडल क्षेत्र के काश्तकार अपना आधार कार्ड, जमाबंदी नक़ल, आधार लिंक मोबाइल कार्यालय समय में लाकर व बताकर किसान रजिस्ट्री कार्य उक्त अवधि तक करा सकते हैं। उक्त 31 मार्च 2025 की अवधि के पश्चात किसान पंजीयन ( फार्मर रजिस्ट्री आई डी ) नहीं होने पर पीएम- किसान सम्मान निधि की किश्त प्राप्त नहीं हो सकेगी। तथा जमीन सम्बंधित अन्य योजनाओं का अपेक्षित लाभ फार्मर आई डी से ही मिलेगा अन्यथा अपेक्षित मिलने वाले लाभ से वंचित रहना पड़ेगा। पटवार मंडल भिनाय क्षेत्र के सभी काश्तकार/ भूमि खातेदार उक्त कार्य के लिए स्थानीय पटवारी - हरिराम चौधरी से मोबाइल नम्बर -- 9799590475 पर या कुशाल सिंह कल्याणवत से फोन नंबर 7023855877 से सम्पर्क कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि राजस्थान सरकार के आदेशानुसार सम्पूर्ण राजस्थान सहित भिनाय तहसील क्षेत्र के सभी काश्तकार / भूमि खातेदार अपने अपने पटवार मंडल क्षेत्र के अपने अपने पटवारी महोदय से सम्पर्क कर 31 मार्च 2025 तक फार्मर रजिस्ट्री कार्य करा सकते हैं।

# विधायक के आतिथ्य में मुख्यमंत्री के आगमन पर स्वागत एवं नववर्ष आयोजन में को सफल बनाने की तैयारी

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( रेखा खाबिया )।** चितौड़गढ़ विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या के निर्देश पर मंगलवार को जौहर श्रदांजलि समारोह मे राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दुर्ग स्थित फतहप्रकाश महल प्रांगण मे आगमन को लेकर व आगामी 30 मार्च को हिन्दु नववर्ष मनाने की तैयारी को लेकर नगर मण्डल चितौड़गढ़ की बैठक विधायक कार्यालय पर पुर्व युआइटी चेयरमेन सुरेश चन्द्र झंवर व नगर परिषद के पुर्व सभापति सुशील शर्मा की उपस्थिति मे आयोजित की गई। एडवोकेट ओम प्रकाश शर्मा ने बताया की मंगलवार को जौहर स्मृति संस्थान समिति द्वारा निकाली जाने वाली शोभा यात्रा



का चितौड़गढ़ विधानसभा के सभी कार्यकर्ताओ द्वारा शास्त्री नगर चौराहे पर भव्य पुष्पा वर्षा कर स्वागत किया जायेगा। दुर्ग स्थित फतह प्रकाश महल प्रांगण मे आयोजित जौहर श्रद्धांजलि समारोह मे मुख्य वक्ता के रूप मे पधार रहे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के स्वागत सम्मान हेतु नगर के प्रत्येक बूथ एवं क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ताओ को पहुचाने का लक्ष्य देकर आग्रह किया गया। साथ ही आगामी हिन्दु नववर्ष को मनाने हेतु आयोजन समिति द्वारा आयोजित प्रत्येक कार्यक्रम के सहभागी बनने हेतु निवेदन किया और नववर्ष को दीपावली के त्यौहार की तरह घर-घर त्यौहार के रूप मे मनाने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता भोलाराम प्रजापत, शेलेन्द्र झंवर, अनिल ईनाणी, नवीन पटवारी, रवि विराणी, फतेहलाल भडक्तिया, अनिल भटनागर, रामचन्द्र गुर्जर, अशोक जोशी, विनित तिवारी, सत्यनारायण वैष्णव, राजेन्द्र शर्मा, दिनेश मुंदडा, सुनील लढढा, प्रदीप बोहरा, राजेश मोची, राजन माली, इब्राहिम खान मंसुरी, गोपाल शर्मा, रेणु मिश्रा, रेखा शक्तावत, मीनु सौलंकी, मुकेश बगेरवाल, मुन्ना लाल गुर्जर, रामप्रसाद बगेरवाल, कमल बिलौची, विशाल गर्ग, दीपक वर्मा, पंकज सेन, निरज सुखवाल, विपिन सिंह, रामबक्श कीर, बहादुर बैरवा, राजकुमार वैध, कन्हैयालाल माली, भागीरथ मालवीय, राहुल डीरा आदि कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# क्षत्रिय फूल मालियान समाज के पांचवे सामूहिक सम्मेलन के पोस्टर का हुवा विमोचन



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर/केकड़ी ( घनश्याम दास )।** श्री क्षत्रिय फुल मालियांन पंचम ,सामूहिक विवाह सम्मेलन दिनांक 30 अप्रैल 2025 को औद्योगिक व व्यापारिक नगरी केकड़ी में होने जा रहा है जिसके आज समस्त कार्यकारिणी व पंचगणों के द्वारा पोस्टर विमोचन किया गया । पोस्टर विमोचन कर सम्मलेन का प्रचार प्रसार शुरू किया गया अध्यक्ष गणेश कच्छवा ने बताया की माली समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज को फिजूल खर्चो से बचाने का होता है व अध्यक्ष ने बताया की सामूहिक विवाह सम्मेलन में 101 जोड़ो का लक्ष्य रखा गया है इस महायज्ञ में समाज के बंधुओं से अपील की है की अधिक से अधिक समाज के इस सम्मलेन का प्रचार प्रसार करे तथा इस कार्यक्रम में रामचन्द्र आरेडिया, बद्रीलाल बाथरा, पप्पू लाल अजमेरा, नवयुवक मंडल अध्यक्ष हेमराज कच्छवा, रामधन करोड़ीवाल,रामेश्वर करोड़ीवाल, धनराज कच्छावा, बद्री लाल कच्छावा, बंटी बागवान, रतन आरेडिया, धर्मीचंद सुईवाल, बजरंग सांखला, राजेश मुमनिया, नंदकिशोर भाभीवाल, गोपाल करोड़ीवाल, रतन करोड़ीवाल,कल्याण बागवान,लादू राम खारोलिया अन्य लोग मौजूद रहे, औआर पोस्टर विमोचन कर आयोजित समेलन का आगाज किया गया।

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# नैनवां क्षेत्र के किसानो को नहीं मिला गौण मण्डी का फायदा

## ऐसी राजनैतिक उदासीनता दो वर्ष बाद भी शुरू नहीं हुई गौण मण्डी

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** राजनैतिक उदासीनता के चलते इस वर्ष भी नैनवां शहर सहित देहात क्षेत्र के लोगो को नैनवां स्टेट हाईवे 34 पर 50बीघा भूमि पर बनाई जा रही गौण मण्डी का फायदा नहीं मिल पाया है। कृषि विपणन बोर्ड के अधिकारियो की लापरवाही से गौण मण्डी के विकास कार्य अधर में है। क्षेत्र के किसानो को अपनी जिंस मजबूरी में बिचैलियो को औने पौने दामो पर बेचना पड़ रहा है। किसान महापंचायत के पदाधिकारियो ने बताया कि किसान कौम ही हमेशा राजनैतिक की शिकार होती है। किसानो को अपनी उपज का उचित दाम मिले। किसानो के घर पर ही खुशहाली आये। कोई भी राजनैतिक दल किसानो के प्रति गंभीर नहीं है। नैनवां क्षेत्र के किसानो की मांग को लेकर जून 2023 में राज्य सरकार द्वारा बरड़ा के बालाजी के पास स्टेट हाईवे 34 पर 50बीघा भूमि नि:शुल्क आंवटित की गई थी।

### उम्मीद जगी लेकिन कार्य अधर में

नैनवां गौण मण्डी के नाम राज्य सरकार द्वारा नि:शुल्क आवंटन के बाद देई कृर्षि उपज मण्डी द्वारा गौण मण्डी का पट्टा जारी किया गया था। इसके बाद अगस्त 2023 में कृषि विपणन विभाग के आरएसएएमबी कोटा डिवीजन द्वारा एक करोड़ 38 लाख 15 हजार रूपये का कार्य आदेश जारी किया था। जिसमें गौण मण्डी के नाम आवंटित 50बीघा के चारो ओर चारदीवारी मंडी का गेट बनाया जाना था। लेकिन गौण मण्डी कार्य के लिए अधिकृत संवेदक ने गौण मण्डी के चारो ओर दिवार का निर्माण तो करवा दिया लेकिन गौण मण्डी गेट सहित अन्य कार्य अधूरे छोड़ कर कार्य बंद कर दिये। मामले की जानकारी देई कृषि उपज मण्डी के सचिव फतेह सिंह मीणा से लेने पर बताया कि संवेदक को अब तक चार बार नोटिस जारी कर दिया है।एक नोटिस कृषि विपणन विभाग कोटा के अधिशाषी अभियंता द्वारा जारी किया गया है।

### देई कृषि उपज मण्डी पहुँच रही है, क्षमता से अधिक जिंस

नैनवां गौण मण्डी शुरू नही होने का असर अब देई कृषि उपज मण्डी देई में देखने को मिल रहा है। देई कृषि मण्डी में क्षमता से अधिक जिंसो की आवक होने से व्यवस्था खराब होने लगी है। किसानो ने बताया कि नैनवां गौण मण्डी इस वर्ष शुरू हो जाती तो किसान अपनी जिंसो को नैनवां गौण मण्डी में लेकर आते। गौण मण्डी शुरू होने से यहां के लोगो को रोजगार मिलता एंव किसानो को भी मजबूरी में बिचैलियो को अपनी जिंस नहीं बेचना पड़ता। किसान महापंचायत राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने बताया कि नैनवां गौण मण्डी सुचारू रूप से चले किसानो को फायादा मिले इसको लेकर कृषि विपणन बोर्ड के चीफ इंजनियर बलराम मीणा से वार्ता की गई। उन्होने बताया कि नैनवां गौण मण्डी के लिए संभाग के अधिकारियो से वार्ता की जा रही है। गौण मण्डी की समतलीकरण,प्लेटफार्म,भंडारण सहित दूकानो का आवंटन को लेकर अधिकारियो को प्रोपोजल बनाये जाने के लिए निर्देशित किया है।

### इनका कहना

कृषि विपणन विभाग के आरएसएएमबी कोटा डिवीजन द्वारा गौण मण्डी के चारो ओर दिवार निर्माण सहित गेट निर्माण के लिए एक करोड़ 38 लाख 15 हजार का बजट स्वीकृत हुआ था। लेकिन संवेदक द्वारा कार्य पूर्ण नहीं करके कार्य बंद कर दिया है। विभाग द्वारा बार बार नोटिस दिया जा रहा है। शीघ्र ही कार्य शुरू नहीं किया गया तो संवेदक के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

**फतेह सिंह मीणा**
**देई कृषि मण्डी सचिव**



नैनवां में स्वीकृत गौण मण्डी का बंद पड़ा कार्य

नैनवा में स्वीकृतं गौण मण्डी को लेकर दोनो दलो के राजनैतिक लोगो द्वारा किसानो की उपेक्षा की जा रही है। किसान अपनी जिंस को बेचने के लिए बिचैलियो के चक्कर लगाने पर मजबूर हो रहा है। शीघ्र ही सरकार द्वारा नैनवां गौण मण्डी को चालू नहीं किया गया तो किसानो को लेकर किसान महापंचायत की ओर से उग्र आन्दोलन किया जायेगा।

**कजोड़मल धाकड़ एंव**
**भरतराज मीणा, किसान नेता**

---

### जनप्रतिनिधियों ने भी की शिष्टाचार मुलाकात

# राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े रहें बूँदी दौरे पर, जिला कलेक्टर पुलिस अधीक्षक ने की अगवानी

बढ़ता राजस्थान

**बून्दी ( अनन्त दाधीच )।** एडीसी राज्यपाल हरिभाऊ बागडे प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को राज्यपाल पूरे प्रोटोकॉल के साथ सर्किट हाउस पहुंचे वहां पर गार्ड ऑफ ओर्नर के बाद जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा व पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीणा ने गुलदस्ता देकर राज्यपाल की अगवानी की , इसके पश्चात भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल,पूर्व जिला प्रमुख राकेश बॉयत, पूर्व उप जिला प्रमुख आशा मीणा, जिला परिषद सदस्य शक्ति सिंह आसावत, पूर्व सांसद रामनारायण मीणा सहित कई जनप्रतिनिधियों ने राज्यपाल का अभिनंदन किया , रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा भी राज्यपाल का अभिनंदन किया गया, रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव अशोक



विजय ने राज्यपाल को रेडक्रॉस द्वारा संचालित गतिविधियों की जानकारी दी, इस दौरान वाइस चेयरमैन राजेंद्र रावका, कोषाध्यक्ष ध्रुव व्यास, कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम भी उपस्थित रहे। इसके पश्चात राज्यपाल जिला कलेक्टर सभागार में अधिकारियों की मीटिंग लेने पहुंचे, जहां पर उन्होंने समस्त अधिकारियों से विस्तृत चर्चा कर बूंदी के हालातो को सुधारने की बात कही । मीटिंग के पश्चात राज्यपाल कोटा के लिए रवाना हुवे ।

---

# बूंदी महर्षि दधीचि वाटिका प्रांगण में जिला दाधीच पंचायत समिति की मीटिंग का आयोजन हुआ

बढ़ता राजस्थान

**बून्दी ( अनन्त दाधीच )।** समाज प्रवक्ता अनंत दाधीच ने बताया कि मीटिंग के दौरान कई मुद्दों पर चर्चा हुई । समाज के नवनिर्मित हाल निर्माण को लेकर जल्द निर्माण करवाने का संकल्प लिया गया, साथ ही समाज के लोगों की सदस्यता अभियान को तेज करते हुए ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने पर विचार किया गया। महर्षि दधीचि मंदिर से मात्र 300 मीटर की दूरी पर नगर परिषद द्वारा परिवहन विभाग की जमीन पर मृत मवेशियों का डिपो बनाए जाने का घोर विरोध किया गया, इस डिपो की वजह से

मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं को भयंकर बदबू का सामना करना पड़ रहा है नगर परिषद के सभापति को इस समस्या पर प्रसंज्ञान लेने पर चर्चा की गई । साथ ही समाज अध्यक्ष अशोक दाधीच ने अपनी प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला दाधीच पंचायत समिति कार्यकारिणी का विस्तार किया जिसके तहत दिनेश काका अग्निहोत्री को संरक्षक, दिनेश दाधीच तिलस्वा उपाध्यक्ष

आनंद दाधीच , महेश दाधीच बराना, विशेष आमंत्रित सदस्य घनश्याम दाधीच हिंडोली, राकेश दाधीच नैनवा, विकास दाधीच तालेड़ा, ओम दाधीच के पाटन, को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया इन सभी का माल्यार्पण करके स्वागत किया गया।

इस दौरान समाज के अशोक दाधीच अध्यक्ष , राजेश बना सचिव, शिव कोषाध्यक्ष , डॉ रामचरण संरक्षक, , कन्हैयालाल ग्रामीण अध्यक्ष, रूप नारायण दाधीच, रामचरण दाधीच, अखिलेश



दाधीच , हेमंत दाधीच , राजेश तिवारी, महर्षि दाधीच घनश्याम दाधीच, एडवोकेट राजकुमार दाधीच , विष्णु दाधीच, महावीर दाधीच, आशुतोष दाधीच , मुकेश दाधीच, लोकेश तीरथ, लहरी गोपाल दाधीच , बृजेंद्र दाधीच, भगवान दाधीच हिंडौली सहित समाज के कई लोग उपस्थित रहे।

---

# मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति फेल...? अवैध निर्माणकर्त्ताओं के बढ़ रहे हैं हौंसले, प्रशासन ने साधी चुप्पी

### ब्यावर नगर परिषद के अधिकारियों को शिकायत के बावजूद नहीं हो रही है कार्यवाही, परिषद की जमीन पर हो रहे हैं कब्जे, प्रशासन ने अपनी आंखो पर बांधी पट्टी






बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर नगर परिषद के अधिकारियों की लापरवाही और मिलीभगत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। और ऐतिहासिक परकोटे की दीवार के पास हो रही अवैध खुदाई और निर्माण कार्य को लेकर नगर परिषद पर गंभीर आरोप लग रहे हैं।

**नोटिस के बावजूद युद्धस्तर पर जारी है अवैध निर्माण :** सूत्रों के मुताबिक, सोशल मीडिया पर खबरें वायरल होने के बाद नगर परिषद ने अवैध निर्माणकर्ता को एक नोटिस जारी किया था, जिसमें निर्माण कार्य रोकने के निर्देश दिए गए थे। लेकिन यह नोटिस महज कागजी कार्रवाई साबित हुआ, क्योंकि नोटिस जारी करने वाला अधिकारी छुट्टी पर चला गया और बाकी अधिकारियों ने आंखें मूंद लीं। परिणामस्वरूप, निर्माणकर्ता ने रात-दिन तेज़ी से काम जारी रखा और हरा कपड़ा लगाकर निर्माण कार्य को छिपाने का प्रयास किया। अब बेसमेंट में आरसीसी के सरिए तक खड़े कर दिए गए हैं, जिससे ऐतिहासिक परकोटे की संरचनात्मक मजबूती पर खतरा मंडराने लगा है।

**नगर परिषद की निष्क्रियता पर जनता का सवाल – आखिर कौन दे रहा संरक्षण :** चांग गेट के पास हो रहे इस अवैध निर्माण कार्य को लेकर अखिल भारत हिंदू क्रांति सेना ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संगठन का कहना है कि परकोटे की दीवार एक ऐतिहासिक धरोहर है, और इसके पास किसी भी प्रकार की खुदाई से इसके अस्तित्व को खतरा हो सकता है। स्थानीय नागरिकों का भी यही सवाल है कि क्या ब्यावर नगर परिषद अवैध निर्माणकर्ताओं के आगे पूरी तरह बेबस हो चुकी है ?

### प्रशासन की चुप्पी या मिलीभगत ?

नगर परिषद के अधिकारियों से जब इस मामले में जवाब मांगा गया, तो कोई ठोस प्रतिक्रिया नहीं मिली। जनता का मानना है कि अगर नगर परिषद वास्तव में सख्त होती, तो अवैध निर्माणकर्ता इतने बेखौफ होकर नियमों की धज्जियां नहीं उड़ाते। अब सवाल यह है कि मुख्यमंत्री इस मुद्दे पर क्या कदम उठाएंगे ? क्या अवैध निर्माण गिराया जाएगा ? क्या दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई होगी? या फिर यह मामला भी पुरानी फाइलों में दफन होकर रह जाएगा ?

**मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति पर सवाल :** राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई का वादा किया था, लेकिन ब्यावर नगर परिषद में हो रही मनमानी ने इस दावे को कटघरे में खड़ा कर दिया है। क्या मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति केवल भाषणों तक सीमित है ?

**सामाजिक, राजनैतिक व हिन्दुवादी संगठनों की चेतावनी - अब सिर्फ जवाब नहीं, कार्रवाई चाहिए :** स्थानीय नागरिकों और संगठनों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई और तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे।

प्रशासन की निष्क्रियता से जनता का भरोसा टूट रहा है, और अब सिर्फ बयानबाजी नहीं, बल्कि सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है। अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या मुख्यमंत्री इस मामले में संज्ञान लेंगे, या फिर ब्यावर नगर परिषद के भ्रष्टाचार की गूंज यूं ही दबा दी जाएगी ?

---

# राजस्थान दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रमों का हो सफल आयोजन : सुराणा

### जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक बैठक में दिए निर्देश, एडीएम अर्पिता सोनी सहित जिला स्तरीय अधिकारी रहे मौजूद

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश लाटा )।** जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने सोमवार को डीओआईटी वीसी सभागार में आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक बैठक में अधिकारियों से रिपोर्ट प्राप्त करते हुए समुचित निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि राजस्थान दिवस के उपलक्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का सफल आयोजन सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी आपसी समन्वय करें तथा सौंपे गए दायित्वों का समुचित निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सम्पर्क पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करते हुए पेंडेंसी शून्य करें। सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त प्रकरणों में अधिकारी प्राथमिकता से समुचित जवाब दें और परिवादियों को संतुष्ट करें। जिला व ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों को समयबद्ध ढंग से निस्तारित करें तथा परिवादियों को बेहतर स्तर तक संतुष्ट करें। उन्होंने सभी उपखंड अधिकारियों से कहा कि आगामी बरसात के दौरान पेयजल व बिजली आपूर्ति के लिए पूर्व तैयारी सुनिश्चित करें। विभागीय अधिकारियों के साथ समुचित समन्वय कर मुस्तैद प्रबंधन करें। इसी के साथ आईसीडीएस व चिकित्सा विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के समन्वय से सैक्टर बैठक



करें तथा विभागीय कार्यों की मॉनीटरिंग करें। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र में ईंट भट्ठों की सूचना भेजें तथा क्षेत्र के पीएचसी, सीएचसी, उप जिला अस्पताल व जिला अस्पताल के निरीक्षण करें। पीएचईडी व डिस्कॉम के अधिकारी फील्ड स्तरीय टीम को एक्टिवेट करें।

जिला कलक्टर ने आईसीडीएस, चिकित्सा, रेवन्यू, शिक्षा, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज व स्वायत्त शासन विभागों के केपीआई पर चर्चा करते हुए विभागीय कार्यों में उनके परफॉर्मेंस के लिए प्रगति की समीक्षा करते हुए समुचित निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागीय कार्यों का नियमित एनालिसिस करें तथा निरंतर प्रयासों के साथ अपेक्षित प्रगति लाएं। सुराणा ने कहा कि उपखंड अधिकारी स्तर पर एनएफएसए अंतर्गत प्राप्त आवेदनों को फॉरवर्ड करें तथा पेंडेंसी समाप्त करें। उन्होंने राजस्व अधिकारियों, परिवहन विभाग, एक्साइज, खनन व कॉमर्शियल टैक्स विभाग के अधिकारियों को राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति के निर्देश दिए। इस दौरान एसीईओ दुर्गा ढाका, कोषाधिकारी प्रवीण सिंघल, पीएचईडी प्रोजेक्ट एसई राममूर्ति, सानिवि एसई पंकज यादव, सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा, डिस्कॉम एसई आरपी वर्मा, डीओआईटी एसीपी नरेश टुहानिया, सीडीईओ गोविंद सिंह राठौड़, डीटीओ नरेश कुमार, कॉपरेटिव एमडी मदनलाल, उद्योग महाप्रबंधक उजाला, जिला खेल अधिकारी सीताराम प्रजापत सहित सभी उपखंडों से वीसी के जरिए उपखंड स्तरीय अधिकारी जुड़े रहे।

---

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 26 मार्च को एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर होगा आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**बून्दी ( अनन्त दाधीच )।** राजस्थान स्थापना दिवस कार्यक्रम के क्रम में बेरोजगार आशार्थियों के लिए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार कार्यालय के तत्वावधान में बुधवार 26 मार्च को एक दिवसीय केम्पस प्लेसमेन्ट शिविर का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनवां रोड़, बून्दी में प्रात: 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जावेंगा। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षण उपनिदेशक फूलचन्द मीणा ने बताया कि शिविर में राज्य एवं राज्य से बाहर की विभिन्न राजकीय एवं निजी कम्पनियां यथा नवभारत फर्टीलाईजर, ऑल इण्डिया प्रा.लि., राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम इत्यादि भाग लेंगी। इस शिविर में बेरोजगार आशार्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त होगें। निजी क्षेत्र के नियोजक बेरोजगार आशार्थियों का साक्षात्कार लेकर चयन प्रक्रिया संपादित करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि निजी कम्पनियों द्वारा टेक्नीशियन, फील्ड ऑफिसर, सेल्स मैनेजर, टेक्निकल ऑपरेटर एवं सिक्योरिटी सर्विस आदि पदों के लिये चयन किया जायेगा। इन पदों के लिये न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, स्नातक, डिप्लोमाधारी, कम्प्यूटर जानकारी एवं आई.टी.आई. है। इच्छुक बेरोजगार आशार्थी अपने मूल दस्तावेज मय छाया प्रतियों एवं पांच पासपोर्ट साईज के फोटोग्राफ के साथ शिविर में भाग लेकर अवसर का लाभ उठा सकते है।

---

# रावतभाटा में शहीदी दिवस पर शहीद ए आज़म भगत सिंह को श्रद्धांजलि, संगोष्ठी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** शहीदी दिवस के अवसर पर अनुकरण स्थित सीटू यूनियन कार्यालय में स्थापित शहीद ए आज़म भगत सिंह की मूर्ति पर सुबह माल्यार्पण किया गया तथा रात को शहीदों और भगत सिंह के विचारों पर संगोष्ठी रखी गई जिसमें काफी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया संगोष्ठी का संचालन महासचिव बीएल मीणा ने किया संगोष्ठी में चालक परिचालक यूनियन के अध्यक्ष संजय, लाल झंडा ऑटो यूनियन के महासचिव भूपेंद्र सिंह तंवर निर्माण श्रमिक



यूनियन के महासचिव जय सिंह व परमाणु विद्युत कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष विकास चौहान सहित संगोष्ठी में प्रमुख रूप से उपस्थित सीटू जिला अध्यक्ष कामरेड संजय सिंगर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि भगत सिंह को शहीद ए आज़म के खिताब से इसलिए नवाजा गया क्योंकि उन्होंने न सिर्फ सर्वोच्च बलिदान देश की आजादी के लिए अपना दिया बल्कि देश को दिशा देने हेतु अपने विचारों को बखूबी समझ के समक्ष रखा इन क्रांतिकारियों का यह मानना था कि आजादी का अर्थ यह नहीं की मात्रा सत्ता का हस्तांतरण अंग्रेजों से हटकर चंद पूंजीपतियों के पास चला जाए, उनके विचार थे की आजादी का अर्थ यह है की आजाद भारत में धर्म और जाति के बीच किसी प्रकार का भेदभाव ना रहे और शोषण विहीन समाज की स्थापना हो सके, जबकि दुर्भाग्य है कि आज जब हम आजादी का अमृत काल मना रहे हैं फिर भी धर्म और जाति के बीच की खाई और वैमनस्यता और अधिक बढ़ती जा रही है और सत्ता को हासिल करने के लिए इसको सीढ़ी बनाया जा रहा है। गोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने बताया कि इन क्रांतिकारी को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी।

# कपूर और घी का मिश्रण है इन समस्याओं का आसान घरेलू नुस्खा

कपूर और घी का एक साथ इस्तेमाल करने से आपको कई फायदे हो सकते हैं। सिरदर्द से लेकर स्किन की परेशानियों को दूर करने के लिए आप कपूर और घी का इस्तेमाल कर सकते हैं। घर पर कपूर और घी का दीपक जलाने से वातावरण शुद्ध होता है। इसके अलावा आप अपने चेहरे पर अगर कपूर और घी का मिश्रण लगाते हैं, तो इससे संक्रमण को दूर किया जा सकता है।

### कपूर में मौजूद गुण

घरों में पूजा-पाठ के दौरान कपूर का काफी ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। इसकी खुशबू से घर में शांति जैसा प्रतीत होता है। यह सेहत के लिए भी काफी गुणकारी है। आयुर्वेद के अनुसार, कपूर में तिक्त, कटु, मधुर और तीक्ष्ण स्वभाव का होता है। यह हमारे लिए पाचक की तरह कार्य करता है। आंखों को शांत करने के लिए यह काफी फायदेमंद होता है। कपूर हल्का तीखा और सुगन्धित होता है। अधिक पराग वाला कपूर सबसे बेहतर माना जाता है।

### घी में मौजूद गुण

घी में विटामिन ई, ओमेगा-3 फैटी एसिड, एंटी एजिंग गुण पाए जाते हैं। यह स्किन की कोमलता को बरकरार रखने में आपकी मदद कर सकता है। इसके अलावा आयुर्वेद में घी का खास महत्व है। इसका इस्तेमाल नजला से लेकर आंखों की थकान को दूर करने के लिए किया जाता है।

### नींद न आने की समस्या को दूर करने में असरकारी

अगर आपको नींद की परेशानी हो रही है, तो कपूर और घी का दीपक जलाकर अपने रूम में रखें। इससे आपके दिमाग को शांति मिलेगी और आपके शरीर में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होगा। जिसकी वजह से आपको अच्छी नींद आ सकती है।

### मच्छरों को भगाने में लाभकारी

कपूर का घी का मिश्रण मच्छर को भगाने के लिए लाभकारी हो सकता है। इसके लिए आप डिफ्यूजर में कपूर और घी को मिलाकर रख दें। इसकी सुगंध से मच्छर नहीं आएंगे। इसके अलावा आप कपूर और घी का मिश्रण अपने शरीर पर भी लगा सकते हैं। कपूर की खुशबू से मच्छर आपके दूर रह सकते हैं।

### साइनस में होने वाली समस्याओं से दिलाए आराम

कपूर और गाय के घी को सूंघने से साइनस की परेशानी से निजात पाया जा सकता है। इसके लिए एयर डिफ्यूजर में घी और कपूर का मिश्रण डालकर अपने घर में रखें। इससे आपको काफी बेहतर महसूस हो सकता है।

### सूजन को करे कम

अगर आपको चोट लगने की वजह से सूजन आ गई है, तो कपूर और घी का मिश्रण इस्तेमाल कर सकते हैं। कपूर में शोथहर का गुण होता है, जो सूजन को कम करने में लाभकारी है। इसके लिए कपूर को गाय के घी के साथ मिक्स करके सूजन वाले स्थान पर लगा लें। अब इसे एक कपड़े की मदद से बांद दें। सुबह तक आपको सूजन से राहत मिल सकता है।




### माइग्रेन को ठीक करने में असरदार

सिर दर्द या फिर माइग्रेन को दूर करने के लिए कपूर और घी का मिश्रण लाभकारी हो सकता है। इसके लिए कपूर और घी को आप एयर डिफ्यूजर या फिर दीपक जलाकर अपने आसपास रख सकते हैं।



### उल्टी जैसा महसूस होने पर कर सकते हैं इसका इस्तेमाल

उल्टी जैसा महसूस होने पर कपूर और घी का इस्तेमाल करेँ। कपूर और घी के इस्तेमाल से उल्टी जैसा महसूस होना बंद हो जाएगा। वहीं, अगर आपको चक्कर जैसा महसूस हो रहा है, तो इस समस्या से भी निजात दिला सकता है।



### मुंहासों को करे दूर

स्किन से मुंहासों की परेशानी को दूर करने के लिए आप कपूर का इसतेमाल कर सकते हैं। कपूर और घी के मिश्रण से स्किन पर मौजूद मुहांसों से छुटकारा मिलेगा। इसके लिए 1 चम्मच गाय का घी लें। इसमें 1 चुटकी कपूर मिलाकर अपने चेहरे पर लगाएं। इसके बाद हल्के हाथों से मसाज करें। फिर रातभर इसे छोड़ दें। कुछ दिनों में इस विधि को अपनाने से मुंहासे ठीक हो सकते हैं।

### फटी एड़ियों से दिलाए छुटकारा

फटी एड़ियों की समस्या से राहत दिलाने में कपूर और घी का मिश्रण लाभकारी हो सकता है। इसके लिए 1 गोली कपूर और 1 चम्मच गाय के घी को मिलाएं। अब इसमें थोड़ा सा विटामिन ई मिलाएं। अब इसे अच्छे से मिक्स करने के बाद एड़ियों पर लगाएं। इससे आपको फटी एड़ियों से छुटकारा मिल सकता है।

### सिर दर्द से दिलाए राहत

बार-बार सिर दर्द की समस्या होने पर कपूर को पीसकर इसमें थोड़ा सा गाय का घी मिक्स कर लें। अब इसे अपने माथे पर लगाएं। इससे सिरदर्द की परेशानी से राहत मिल सकता है। इसके अलावा आपके मन को शांति मिल सकती है।

### गैस से दिलाए राहत

कपूर और घी का सुगंध गैस और जी मिचलाने की परेशानी से राहत दिला सकता है। दरअसल, कपूर की तासीर ठंडी होती है, इसका लेप माथे पर लगाने से दिमाग शांत होता है, जो आपकी चेतना को आराम दिलाने में आपकी मदद करता है।

### ब्लड सर्कुलेशन को करे आप बेहतर

कपूर और घी का मिश्रण ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करने में असरदार हो सकता है। इसके लिए कपूर और घी को मिलाकर इसे अपने होठों के आसपास लगाएं। इसकी सुगंध से आपके शरीर में रक्त संचार बेहतर तरीके से होगा। कपूर के इस गुण के कारण मांसपेशियों में होने वाले दर्द से भी राहत पा सकते हैं।



## इन फायदों के लिए डाइट में जरूर शामिल करें फूलगोभी

फूलगोभी की सब्जी को ज्यादातर लोग पसन्द करते हैं। बच्चे भी इसे चाव से खाते हैं। फूलगोभी सिर्फ स्वाद में ही अच्छी नहीं लगती बल्कि यह पोषक तत्वों से भी भरपूर होती है।

आप फूलगोभी किसी भी रूप में खाएं, इससे आपको फायदा ही मिलता है। फूलगोभी में कैल्शियम, फास्फोरस, प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट और लौह तत्व के अलावा विटामिन ए, बी, सी, आयोडीन, और पोटैशियम तथा थोड़ी-सी मात्रा में तांबा भी मौजूद होता है।

**ग्लोइंग स्किन :** चेहरे को नेचुरल ग्लोइंग और यंग रखने के लिए विटामिन सी और विटामिन ई का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। फूलगोभी में विटामिन सी की भरपूर मात्रा होती है इसलिए इसे खाने से आपकी स्किन ग्लोइंग बनती है।

**हार्ट केयर :** दिल को सेहतमंद रखने के लिए फूलगोभी जा सेवन बहुत जरूरी है। गोभी में प्राकृतिक रूप से आइसोथियोसाइनेट्स नामक मॉलिक्यूल पाया जाता है। मॉलिक्यूल हार्ट को हेल्दी रखने में मदद कर सकता है।

**कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल :** कोलेस्ट्रॉल लेवल को कंट्रोल रखने के लिए आपको गोभी को उबालकर खाना चाहिएं।



गोभी में हाइपोकोलेस्टेरॉलिक तत्व पाया जाता है, जो कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करने में मदद कर सकता है।

**वेट लॉस :** फूल गोभी में कैलोरी की मात्रा बहुत कम पाई जाती है, जो वजन को कम करने में मदद कर सकती है, इसलिए वेट लॉस के लिए फूलगोभी का सेवन किया जा सकता है।

**प्रेगनेंसी :** गोभी में मौजूद फोलेट कोशिकाओं के बढ़ने में मदद करता है इसलिए यह गर्भ में पल रहे शिशु के विकास के लिए जरूरी है। गोभी का सेवन गर्भावस्था में बेहद फायदेमंद हो सकता है।

# घुटनों के अंदर की तरफ मुड़ने की समस्या क्यों होती है? इसके लक्षण और इलाज



नॉक नी या जेनु वेलगम घुटनों से जुड़ी समस्या है जिसमें मरीज के घुटने एक दूसरे को छू रहे होते हैं। सामान्य तौर पर स्वस्थ व्यक्ति जिसके घुटनों में किसी भी प्रकार की दिक्क त नहीं है उसके खड़े होने पर घुटनों के बीच थोड़ा गैप रहता है या घुटनें समानांतर होते हैं। लेकिन नॉक नीज की समस्या में ऐसा नहीं होता है। दुनियाभर में तामम लोग घुटनों से जुड़ी इस समस्या से पीड़ित हैं। ऐसे लोग जो नॉक नीज या जेनु वेलगम की समस्या से ग्रसित हैं उनके घुटने अंदर की तरफ होते हैं और पैर बाहर की तरफ। सबसे ज्यादा यह समस्या छोटे बच्चों में देखने को मिलती है। बचपन में अक्सर लोग इसे सामान्य समझकर नजरअंदाज कर देते हैं लेकिन आगे चलकर यह समस्या एक बड़ी मुसीबत बन जाती है।

### जेनु वेलगम या नॉक नीज का इलाज

जेनु वेलगम या नॉक नीज की समस्या हर व्यक्ति में अलग-अलग कारणों से हो सकती है। इन्हीं कारणों के आधार पर मरीजों का इलाज किया जाता है। इस समस्या का इलाज करने के लिए कई तरह के उपचार विकल हैं जिनका प्रयोग अलग-अलग स्थितियों में किया जाता है। आमतौर पर शुरुआत में इस बीमारी का इलाज मेडिकल मैनेजमेंट से हो सकता है। जिसमें विटामिन डी की कमी की स्थिति में मरीज को इसका डोज दिया जाता है। ऐसे मरीजों में सामान्यत: 2 से 3 महीनों में सुधार देखने को मिलता है। जिन लोगों में यह समस्या बहुत गंभीर होती हैं उन्हें कई अन्य तरह के इलाज की जरूरत हो सकती है। कुछ मामलों में नॉक नीज को ठीक करने के लिए सर्जरी की भी आवश्यकता हो सकती है। ऐसी स्थितियों में इन उपचार विकल्पों का सहारा लिया जा सकता है।

- घुटनों को बदलने के लिए ब्रेसिंग
- घुटना अलाइनिंग ऑस्टियोटॉमी
- विटामिन डी की खुराक



### क्या नॉक नीज की समस्या सामान्य है

सामान्य रूप से बच्चे जब 1 से 2 साल के होते हैं तो उनके विकास के दौरान घुटनों की बनावट और आकर में थोड़ा अंतर हो सकता है। आमतौर पर यह चीजें आगे चलकर खुद ठीक हो जाती हैं लेकिन जिन बच्चों के घुटनों में यह लक्षण 5 से 6 साल के बीच भी बने रहते हैं उन्हें नॉक नीज की समस्या हो सकती है। ऐसे में बच्चों का चलना-फिरना और दौड़ना प्रभावित होता है। नॉक नीज सिंड्रोम के कारण बच्चों के घुटनें एक दूसरे से छू रहे होते हैं और पैर बाहर की तरफ होते हैं। मरीज अगर अपने पैरों को एक-दो इंच अलग करके खड़ा हो जाता है तो उसके पैरों के बीच के गैप की तुलना में घुटने अधिक अंदर की तरफ होते हैं। यह हड्डियों से जुड़ी समस्या, शरीर में पोषक तत्वों की कमी या कुछ संक्रमण के कारण हो सकता है। नॉक नीज की समस्या को जेनु वेलगम के नाम से भी जाना जाता है। यह स्थिति ज्यादातर बच्चों में विटामिन डी की कमी के कारण देखी जाती है। सबसे ज्यादा यह समस्या 3 से 13 साल के बच्चों में देखने को मिलती है। इसके कारण बच्चों के घुटने में गंभीर दर्द और चलने -फिरने में परेशानियां हो सकती हैं। जैसे-जैसे यह समस्या बढ़ती जाती है मरीज को कई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। शुरुआत में जब बच्चे 1 या 2 साल के होते हैं तो उनमें घुटने का अंदर की तरफ होना सामान्य माना जाता है। यह एक अस्थाई समस्या होती है जो बच्चों के विकास के साथ ठीक हो जाती है। लेकिन जब किसी भी बच्चे 6 साल की उम्र के बाद भी ऐसी स्थिति होती है तो यह नॉक नीज सिंड्रोम के कारण हो सकती है।

### नॉक नीज के लक्षण

नॉक नीज की समस्या के कारण मरीजों को कई अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए डॉक्टर्स हमेशा यही कहते हैं कि समय के साथ इसके लक्षणों को पहचानकर उसका इलाज जरूर किया जाना चाहिए। जिन लोगों को नॉक नीज यानी धनुष के आकार में घुटनों के होने की समस्या होती है उन्हें आगे चलकर तमाम कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है। नॉक नीज की समस्या में मरीज में ये लक्षण देखने को मिलते हैं।

- घुटनों का अंदर की तरफ मुड़ा होना।
- घुटनों और टखनों में दर्द।
- चलने में परेशानी।
- घुटने की अस्थिरता।
- जोड़ों में दर्द या अकड़न।
- खड़े होने में कठिनाई।
- खड़े होने पर या चलते समय संतुलन की कमी होती है।
- गठिया की समस्या।

### नॉक नीज के कारण

नॉक नीज की समस्या किसी अंतर्निहित, जन्मजात या विकासात्मक बीमारी के कारण हो सकती है। यह समस्या कम उम्र में किसी संक्रमण या घुटनों में लगी गंभीर चोट के कारण भी हो सकती है। शुरुआत में जब बच्चे 1 से 2 साल के होते हैं तो उनमें यह समस्या आसानी से पहचानी नहीं जाती है लेकिन बच्चे के 3 साल के होने के बाद आप उनके घुटनों की बनावट को देखकर इसका अंदाजा लगा सकते हैं। घुटनों के अंदर की तरफ मुड़ने या धनुष के आकर में होने की समस्या को नॉक नीज के नाम से जाना जाता है। आइये जानते हैं समस्या के प्रमुख कारणों के बारे में।

- चयापचय से जुड़े रोग।
- शरीर में विटामिन डी की कमी।
- किडनी फेलियर।
- घुटनों में लगी गंभीर चोट।
- गठिया की समस्या।
- हड्डी में संक्रमण (ऑस्टियोमाइलाइटिस)।
- जन्मजात स्थितियां।
- ग्रोथ प्लेट की चोट।
- बिनाइन बोन ट्यूमर।
- हड्डी में संक्रमण।

## टॉन्सिल में सूजन और दर्द का इन तरीकों से करें इलाज

टॉन्सिल्स शरीर का एक ऐसा पार्ट है, जो गले के अंदर रहता है। जो बैक्टीरिया मुंह और नाक से हमारे शरीर में घुसते है, उससे टॉन्सिल्स लड़ता है। यह बाहरी इंफेक्शन को शरीर को अंदर घुसने नहीं देते है, शरीर में रक्षा तंत्र अपनी महत्वपूर्ण रोल निभाता है। संक्रमण और बैक्टीरिया दोनों के कारण टॉन्सिलाइटिस में सूजन होती है। इसमें सर्जरी करके भी इलाज किया जाता है। दवा और कुछ उपचार से भी इसे ठीक किया जाता है। टॉन्सिलाइटिस के सूजन होने पर में गर्म साल्ट वाटर के गरारे करना इसमें काफी ज्यादा फायदेमंद होते हैं।



### नमक मिलाकर गर्म पानी से गरारे करें

नमक को गर्म पानी में मिलाकर गरारे और कुल्ला करना टॉन्सिलाइटिस के सूजन को खत्म करने का सबसे सटीक और ज्यादा इस्तेमाल करने वाला उपाय है। बैक्टीरियल और संक्रमण दोनों कारण से हुए टॉन्सिलाइटिस सूजन में नमक के गरारे का काफी फायदेमंद होते हैं।

### शहद और गर्म चाय भी राहत पहुंचाती है

टॉन्सिलाइटिस सूजन को कम करने में शहद काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसमें जीवाणुरोधी गुण रहते हैं जो संक्रमण को कम करते हैं। कच्चा शहद का असर ज्यादा कारगर होता है। इसलिए अगर आप टॉन्सिल में सूजन आ जाती है तो आप कच्चे शहद का सेवन करें। इसके अलावा तुलसी के पत्ते को उबाल लें। गुनगुने पानी में शहद मिलाकर पीएं। यह टॉन्सिलाइटिस सूजन कम करता है।

### एंटीबायोटिक से होता है इलाज

अगर सूजन संक्रमण के कारण हुआ है तो डॉक्टर के पास जाएं। वें आपको एंटीबायोटिक लेने की सलाह देंगे। उनसे दिखाने के बाद ही दवा का सेवन करें। इसके अलावा बच्चों को संक्रमण के कारण सूजन होता है तो डॉक्टर उन्हें भी दवा का सेवन करने की सलाह देते हैं।

### सर्जरी कराकर समस्या से पाएं निजात

एक साल में सात बार सूजन हो गया है तो डॉक्टर से सलाह लेकर सर्जरी कराएं। टॉन्सिल्स में बार-बार सूजन होने के कारण डॉक्टर सर्जरी करने की सलाह देते हैं। यह सूजन एंटीबायोटिक या घरेलू उपचार से भी ठीक नहीं होता है। अगर टॉन्सिल में सूजन के साथ फोड़ा हो जाता है तो यह एंटीबायोटिक से ठीक नहीं होता है। इसके लिए सर्जरी की आवश्यकता होती है। अगर सूजन के कारण सांस लेने में ज्यादा परेशानी होती है तो भी डॉक्टर सर्जरी की सलाह देते हैं। खाने को निगलने में परेशानी होने पर सर्जरी की सलाह दी जाती है।

### गर्म पानी का भाप लें

टॉन्सिल के सूजन से निजात पाने के लिए घर में हवा नम रखें। इसके लिए घर में कूल एयर ह्यूमिडफायर लगाएं। इससे शुष्क हवा घर की खत्म होगी। शुष्क हवा से गले को परेशानी होती है। इसके साथ समय-समय पर भाप लें। डॉक्टर के पास जाकर भाप वाली मशीन से भाप लें या घर में लें।

# आपका बढ़ता वजन ही नहीं ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल करती है हरी इलायची

लगभग हर भारतीय रसोई में मिलने वाली हरी इलायची का इस्तेमाल चाय और खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए ही नहीं बल्कि सेहत से जुड़ी कई समस्याओं को भी दूर करने के लिए किया जाता है। मसालों की रानी कहलाने वाली हरी इलायची में कई प्रकार के मेडिसिनल गुण मौजूद होते हैं। जो शरीर को विभिन्न रोगों से बचाए रखने में मदद करते हैं। इलायची में विटामिन, राइबोफ्लेविन, नियासिन, विटामिन-सी , मिनरल, आयरन, मैंगनीज, कैल्शियम, पोटैशियम और मैग्नीशियम जैसे कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। इतना ही नहीं इलाइची में एंटीऑक्सीडेंट और डाययूरेटिक गुण भी मौजूद होते हैं। जो बढ़ते वजन से लेकर ब्लड प्रेशर तक कंट्रोल करने में मदद करते हैं।

**मुंह की दुर्गंध से राहत :** मुंह की दुर्गंध से कई



लोग परेशान होते हैं। इसे बैड ब्रीद के नाम से भी जाना जाता है। इलायची में ऐसे औषधीय गुण मौजूद रहते हैं जिसको चबाकर खाने से मुंह से आने वाली बदबू को दूर करने में मदद मिलती है।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता :** रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने के लिए इलायची का सेवन काफी फायदेमंद माना जाता है। इलायची को भूनकर इसके साथ शहद का सेवन किया जाए, तो यह रोग इम्यूनिटी को मजबूत बनाने के लिए भी सक्रिय रूप से कार्य करेगी।

**लंग्स के लिए अच्छी :** नियमित तौर पर छोटी इलायची का इस्तेमाल करना लंग्स के लिए काफी अच्छा माना जाता है। छोटी इलायची फेफड़ों में ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाती है। हेल्थलाइन की रिपोर्ट के मुताबिक, छोटी इलायची खाने से हार्ट प्रॉब्लम की समस्या भी दूर रहती है।

**खांसी-जुकाम में फायदेमंद :** जिन लोगों को अस्थमा, खांसी, जुकाम जैसी परेशानियां होती है उन्हें भी छोटी इलायची खाने की सलाह दी जाती है।

**वजन घटाने में मददगार :** इलायची में कई ऐसे तत्व होते हैं जो वजन घटाने में मदद कर सकते हैं। भोजन में इलायची को शामिल करने से इसके मौजूद पौषक तत्व तेजी से वजन घटाने में मदद करते हैं। अगर इलायची को उबालकर रोज सुबह उसका पानी पिया जाए तो पाचन क्रिया ठीक रहती है और वजन घटता है।

**कब्ज :** अगर आपको कब्ज की समस्या रहती है तो पानी में इलायची को पकाकर उसका पानी पी सकते हैं। ऐसा करने से कब्ज और बदहजमी के कारण होने वाली एसिडिटी की समस्या में राहत मिलती है।

**गले की खराश :** बदलते मौसम में गले की समस्या से परेशान हैं तो आप छोटी इलायची का सेवन करके अपने गले की खराश और दर्द को दूर कर सकते हैं।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# कर्नाटक डिप्टी सीएम के बयान पर संसद में हंगामा
## मुस्लिम आरक्षण पर कहा था- कॉन्स्टिट्यूशन बदलेंगे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** संसद में बजट सत्र के दूसरे फेज के 9वें दिन कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के एक बयान पर राज्यसभा में हंगामा हुआ। इसके चलते सदन की कार्यवाही पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।

इससे पहले सदन 2 बजे तक स्थगित किया गया। दोबारा कार्यवाही शुरू होने पर फिर हंगामा हुआ, तो राज्यसभा पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।

दरअसल, डिप्टी सीएम शिवकुमार ने 23 मार्च को कर्नाटक के एक कार्यक्रम में मुस्लिम आरक्षण के मुद्दे पर कहा था कि संविधान बदल देंगे। सोमवार को राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होते ही संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने यह मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा- कांग्रेस ने बाबासाहेब अंबेडकर के संविधान का अपमान किया है।

जवाब में मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- बाबासाहेब के संविधान को कोई नहीं बदल सकता। आरक्षण को कोई खत्म नहीं कर सकता। इसकी रक्षा के लिए हमने भारत जोड़ो यात्रा की। आप भारत तोड़ रहे हैं।

वहीं, मामला बढ़ने पर कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा, मैंने संविधान बदलने की बात नहीं कही। ये लोग गलत बातें फैला रहे हैं। हमारी राष्ट्रीय पार्टी है।



लोकसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू लोकसभा में भी सोमवार को भाजपा ने मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा उठाया। सपा सांसद पोस्टर लेकर सदन में आए। इस पर स्पीकर ओम बिरला ने आपत्ति जताई और सदन 12 बजे तक स्थगित कर दिया। 12 बजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू होने पर रिजिजू सदन पहुंचे और कर्नाटक के डिप्टी सीएम को बर्खास्त करने की मांग की। इस पर हंगामा हुआ और सदन 2 बजे तक स्थगित कर दिया गया।

# दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र, खीर सेरेमनी के साथ शुरुआत
## सीएम रेखा ने ट्रांसपोर्ट कमीशन पर सीएजी रिपोर्ट पेश की, कहा- बसें घटाईं तो घाटा बढ़ा

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र सोमवार को खीर सेरेमनी के साथ शुरू हो गया। सत्र शुरू होने से पहले इस तरह का आयोजन पहली बार हुआ है। समारोह में हिस्सा लेने के लिए कई ऑटो चालक, व्यापारी और दुकानदार भी विधानसभा पहुंचे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा- खीर की मिठास जैसे बजट को भगवान राम को अर्पित किया गया है और अब यह उन लोगों को परोसा जाएगा जिन्होंने अपने सुझाव दिए हैं। दिल्ली की भाजपा सरकार मंगलवार को अपना पहला बजट पेश करेगी। सीएम रेखा गुप्ता ने दिल्ली ट्रांसपोर्ट को-ऑपरेशन के कामकाज पर सीएजी रिपोर्ट सदन में पेश की।

न्यू गायत्री बाल विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय
ग्राम – थाना दूदंपुरी तह. राजगढ़ (अलवर)
कक्षा UKG से 10th तक
माध्यम हिन्दी, कुल सीट- 60, आरक्षित सीट – 15
आरटीई के तहत 25 प्रतिशत सीटों पर नि :शुल्क प्रवेश प्रारंभ
सम्पर्क करें – श्री कृष्णकांत शर्मा, प्रधानाध्यापक मोबा. 8107246776

SUNSHINE CHILDREN ACADEMY
An English Medium Co-Educational School
Nursery to VIIIth
Total Seat : 28
RTE Reserved Seat : 7
Admission Open 2025-26
Headmistress RITU RANI SHARMA
Mob. 9413727022
Vankhandi Mahadev Rampura Road, Raini (Alwar)

भारतीय विद्या पीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल
कारोठ रोड, राजगढ़ (अलवर)
कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक
कला संकाय / विज्ञान संकाय / कृषि संकाय
हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम
RTE के तहत निःशुल्क प्रवेश प्रारंभ
आवश्यक दस्तावेज
1. बालक का जन्म प्रमाण पत्र
2. बालक का आधार कार्ड
3. माता-पिता का आधार कार्ड
4. मूल निवास प्रमाण पत्र
5. जाति प्रमाण पत्र
6. आय प्रमाण पत्र
7. दो फोटो
8. जन आधार कार्ड
माध्यम हिन्दी – कुल सीट-80, आरटीई के तहत आरक्षित सीट-20
माध्यम अंग्रेजी – कुल सीट-80, आरटीई के तहत आरक्षित सीट-20
इच्छुक अभिभावक विद्यालय परिसर आकर भी रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।
सम्पर्क करें : दिनेश कुमार सैन, प्रधानाचार्य मो. : 9413212421

T.R. PUBLIC SCHOOL
Village-Surer, Rajgarh (ALWAR)
English Medium School
Admission Open 2025-26
Class Nursery to VIIIth
Total Seat-40, RTE Reserved Seat-10
Headmistress POOJA RAJPUT
Mob. 8559935547, 7891368277

The Rainbow Kidz Academy
An English Medium Co-Educational School
Tehla, Rajgarh (Alwar)
Nursery to VIIIth
Total Seat : 30
RTE Reserved Seat : 7
Admission Open 2025-26
Director Jai Prakash Sharma Mob. 9414349567
Principal Anju Mishra Mob. 8741055901

सैनी विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल
S.V.M. KIDS PLAY SCHOOL
Near Railway Station, Alwar Road, Rajgarh (Alwar)
Total Seat : 20
RTE Reserved Seat : 5
Admission Open 2025-26
Headmistress PUJA SAINI (B.Sc., B.Ed.)
Mob. 7073782453

IPS School
LKG to 8 Class-ENGLISH MEDIUM
ADMISSION OPEN
Class IX-X Foundation
RTE Admission Available
Vehicle Facility
Class IX-X Foundation Course
Our Features
Certified Teachers.
Interactive Atmosphere
Quality Education
Digital Class With Projector LED.
Bag Free Education.
Physical Development
Skill Improvement
Regular Music Classes
Tuition Free Knowledge
Extra Classes for Weak Student
In School Preparation for Navodaya Vidyalaya.
Director Koshal Pradhan, Bharat Pradhan
Near Old Police Thana Road, Rajgarh (Alwar) M: 8094700101, 9057185821

प्रवेश प्रारंभ
जय दुर्गा शिक्षा समिति द्वारा संचालित
J.D.Senior Secondary School
माध्यम हिन्दी / अंग्रेजी
Class L.K.G. To XIIth (Science & Arts)
Admission Open Under RTE Act
Total Seat-52, RTE Reserved Seats-13
J.D. Children Academy
English Medium
Class Play Group To VIIIth
Admission Open Under RTE Act
Total Seat-52, RTE Reserved Seats-13
Near Post Office, Opposite Manda Girls Hostel, Rajgarh (Alwar) Phone-01464-220450, 9414409550

Krishna Keshav International
An English Medium Co-Educational School
Gangabagh, Rajgarh (Alwar)
Nursery to VIIIth
Total Seat : 60 RTE Reserved Seat : 15
Principal Krishna Joshi Mob. 9413051035
Admission Open 2025-26

SARVODAYA SENIOR SECONDARY SCHOOL
Medium - Hindi/English
Play Group to XIIth
(Science + Arts+Agriculture Science)
Rajgarh's 1st Agriculture Science School
25% RTE Admission Free
ADMISSION OPEN Session - 2025-26
Taekwondo & Self Defence Classes
❖ Smart Technology
❖ Quality Teachers
❖ A.C. Rooms, R.O. Water
❖ Sports & Activities
❖ Smart Class Room
❖ Computer & Science Lab
❖ Transport & Hostel
❖ Extra Evening Classes for Weak Students
❖ 25% Free RTE Admission
❖ Scholarship In Agriculture Science's Admission
Add : Near Massy Agency, Bus Stand Road, Rajgarh (Alwar)
Contact - 7740911707, 8118866328, 9928675223

एक ऐसा स्कूल जहाँ अनुशासन पहली और सर्वोच्च प्राथमिकता है।
Estd. 1999 "The fear of the Lord is the beginning of wisdom"
SHALOM ENGLISH SEC. SCHOOL
26 YEARS OF EXCELLENCE IN ENGLISH EDUCATION
OUR UNIQUENESS
School Campus with Open, Clean & Pollution Free Environment.
C.B.S.E. Pattern, Syllabus Competitive to Major Cities of India.
The only school where ENGLISH is as the campus language.
Result oriented teaching by qualified and experienced staff.
Emphasis on interactive learning & extracurricular activities.
Multi Activity cum indoor play hall.
Emphasis on discipline & moral values.
Moderate Fee and high standard of Education.
State/District/Tehsil Level Toppers in X Board Exams.
100% results for 13 consecutive years in X Board Exams.
2025-26 ADMISSION OPEN For Classes Play Group to X (Admission as per Seats available)
School Bus Facility
Rev. Dr. Joseph Raj Director/Principal 30 Years of experience in running English Medium Schools.
Machari Road, Behind Shahji Ki Bawadi, Rajgarh (Alwar)
01464- 294300, 8764376961
E.mail- hmshalomschool@gmail.com
Shalom English Secondary School

LITTLE ANGELS ACADEMY
ADMISSION OPEN 2025-26
An English Medium School
Garhi Sawai Ram, Raini (Alwar)
Nursery to Xth
Total Seat : 40 RTE Reserved Seat : 10
Headmaster Ram Prasad Sharma Mob. 9928012570

माता श्री शिक्षा संस्थान
श्रीचंदपुरा तह. राजगढ़ (अलवर)
कक्षा नर्सरी से आठवीं तक
माध्यम–हिन्दी
आरटीई के तहत नर्सरी व प्रथम कक्षा में निःशुल्क प्रवेश प्रारंभ
कुल सीट–25, आरक्षित सीट–5
सम्पर्क करें :-
प्रधानाध्यापक रामजीवन सिंह मो. : 9001919374
व्यवस्थापक कृष्ण अवतार शर्मा मो. : 9983984565

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय मो.नं. 9414823448 प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. ) फोन नं.0141-2796794,2796795,
E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )